Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 134 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 13 नवम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हम इस प्रकार का धन का संग्रह नहीं करें, जिससे हमारा मोह बढ़ता हो।

We should not accumulation that kind of wealth, which increases our delusion.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का करेंगे उद्घाटन

**उज्जैन (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज मध्यप्रदेश के उज्जैन के अपने प्रवास के तहत 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस आयोजन में राज्यपाल मंगु भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। समारोह का उद्घाटन शाम चार बजे होगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से प्रस्तुत किए जायेंगे। आयोजनों की श्रृंखला में कल सुबह 10 बजे महाकवि कालिदास के साहित्य में पंच महाभूत विमर्श पर आधारित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का प्रथम सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### ईडी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर की छापेमारी

**कोलकात्ता (आरएनएस)।** ईडी ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 17 जगहों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। मामला झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक, आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल के अलावा चुनावी राज्य झारखंड में कई स्थानों पर छापेमारी की।

## मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील पहल : समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की 6 साल से लंबित मांग 24 घंटे के अंदर हुई पूरी**



### कर्मचारी अपनी-अपनी समितियों में कार्य करने वापस लौटे

- समितियों के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में हुई बढ़ोत्तरी
- छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर समिति कर्मचारियों की 6 वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 24 घंटे के भीतर पूर्ण करते हुए समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गयी। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के पहल पर वर्ष 2018 के बाद पहली बार सहकारी समितियों के लगभग 13 हजार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कर्मचारियों की मांगों पर स्वयं संज्ञान लेकर इनके निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये थे, इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष 10 नवम्बर को विभागीय अधिकारियों के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा संवेदनशीलता के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों के निराकरण करने पर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। सभी कर्मचारी अपनी-अपनी समितियों में कार्य में वापस आ गए हैं तथा 14 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की समुचित व्यवस्था में लग गए हैं। कर्मचारियों द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया है कि किसानों को धान उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई कठिनाई नही होगी। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी 13 नवम्बर 2024 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री कुलदीप शर्मा द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ धान उपार्जन सुगमतापूर्वक किये जाने के निर्देश सभी विभागीय कर्मचारियों-अधिकारियों को दिये गये हैं। धान उपार्जन के दौरान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिये हैं।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा 4 नवम्बर 2024 से की जा रही हड़ताल आज समाप्त घोषित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र साहू ने समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त घोषित करते हुए कहा है कि समस्त समिति कर्मचारी शासन की समस्त योजनाओं का समिति स्तर से क्रियान्वयन किए जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। कर्मचारी महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसव राजू एस., सचिव सहकारिता डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ श्री कुलदीप शर्मा, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक श्री के.एन काण्डेय सहित अन्य अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

### समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि

मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में आयुक्त सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम में संशोधन किये जाने के आदेश 11 नवम्बर 2024 को जारी कर दिये गए। इसमें समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि स्वीकृत कर दी गई है, जिसमें सभी कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास व्याप्त है। खाद्य विभाग द्वारा इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है कि धान उपार्जन समाप्त होने के एक माह के अंदर धान का उठाव राइस मिलर्स एवं विपणन संघ द्वारा किया जाएगा, यदि इसके पश्चात् भी उपार्जन केन्द्रों में धान शेष रहता है तो खाद्य विभाग द्वारा सहकारी समितियों को धान की सूखत दिये जाने संबंधी प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया जाएगा। कर्मचारियों की अन्य मांग के निराकरण के संबंध में खाद्य विभाग, वित्त विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं विपणन संघ को शामिल करते हुए एक अंर्तविभागीय समिति का गठन किया गया है, जो कर्मचारी संघ की मांग पर विचार कर निराकरण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेगी।

## जनजातीय गौरव दिवस पर 17 राज्यों के आदिवासी नर्तक दल देंगे मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

### अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, राजस्थान और सिक्किम के आदिवासी नर्तक दल पहुँचे रायपुर



**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों के आदिवासी नर्तक दल मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जनजातीय गौरव दिवस पर अपने नृत्य की प्रस्तुति देने नर्तक दलों छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। आज अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, राजस्थान और सिक्किम के आदिवासी नर्तक दल रायपुर पहुंच चुके हैं। अरूणाचल प्रदेश के नर्तक दल आदिलोक नृत्य नाटिका, उत्तराखंड के नर्तक दल झींझी, होली, हन्ना और दिया नृत्य, तेलंगाना के नर्तक दल माथुरी जनजाति नृत्य, राजस्थान के नर्तक दल वालर गरासिया गैर नृत्य और सिक्किम के नृतक दल सुब्बा लोक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगे। 14 नवंबर एवं 15 नवंबर को साइंस कॉलेज मैदान में संध्या 3 बजे से अंतर्राज्यीय लोक नर्तक दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ-साथ जनजातीय गौरव से संबंधित विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन तथा जनजातीय जीवन शैली पर चित्रकला का प्रदर्शन भी होगा।

## केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया आज छत्तीसगढ़ के जशपुर दौरे पर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 13 नवंबर को प्रातः 6:30 बजे गुजरात के भाव नगर एयरपोर्ट से छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के एयरस्ट्रिप आगडीह के लिए रवाना होंगे। वे 9:15 बजे जशपुर पहुंचेंगे। मंत्री डॉ. मांडविया जशपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ जनजातीय गौरव दिवस पर माई भारत यूथ वालंटियर्स के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे। डॉ. मांडविया इसके बाद शाम 4 बजे एयरस्ट्रिप आगडीह जशपुर से रवाना होकर शाम 5 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगे।

## जनजातीय गौरव दिवस : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती-जनजातीय गौरव दिवस पर राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में 14 और 15 नवंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 14 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। 14 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा आदि शामिल होंगे।

## नफरत को मोहब्बत से ही खत्म किया जा सकता है, दूसरी साइड ने नफरत का ठेका ले रखा : राहुल

**गोंदिया (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इसी क्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गोंदिया एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने मोहब्बत और नफरत की राजनीति को लेकर बयान दिया।



राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लव यू शब्द भारत जोड़ो यात्रा के बाद जब मैंने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है, यह शब्द तब से चला है। यह बहुत जरूरी शब्द है, इसका सब लोग प्रयोग करते हैं। लेकिन राजनीति में यह शब्द गायब था। राजनीति में सिर्फ नफरत, हिंसा और गुस्सा ये चीजें फैलाई जा रही थीं। इसलिए हमने सोचा कि अगर दूसरी साइड ने नफरत का ठेका ले रखा है, तो हम मोहब्बत का ठेका ले लेते हैं। उसमें फायदा भी है। नफरत में भाई भाई से लड़ता है, नफरत को नफरत नहीं काट सकती है। कोई आपसे नफरत करता है, आप उससे जाकर और नफरत करो, तो बात नहीं कटती लेकिन कोई भी आपसे नफरत करें और आपने उसे मोहब्बत दिखा दी, में नफरत खत्म हो जाती है। यह कांग्रेस पार्टी की सोच है, महात्मा गांधी की सोच है। इसके अलावा राहुल गांधी ने कहा कि जब भी मैं महाराष्ट्र में आता हूं आपके चेहरों पर आपके दिलों में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा दिखती है। कहने और समझाने की भी जरूरत नहीं होती है। यह आप में नेचुरल है आपके डीएनए में है। यह नया नहीं है यह हजारों साल से चल रहा है।

## योगी सरकार ने 14 लाख गर्भवती महिलाओं को दी निजी केन्द्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सौगात

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार अहम कदम उठा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसने कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं सुविधा का लाभ उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं, योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रदेश के किसी भी जिले के इम्पैनल्ड निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि उन्हें सुविधा का लाभ उठाने के लिए भटकना न पड़े।

## हम विकास और विरासत को साथ-साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं : प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री ने इगास पर्व के अवसर पर नागरिकों को बधाई दी

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज इगास पर्व के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने विशेष रूप से उत्तराखंड के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि देवभूमि के इगास पर्व की विरासत और भी समृद्ध होगी।



एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा- उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बहुत-बहुत बधाई! दिल्ली में आज मुझे भी उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी जी के यहां इस त्योहार में शामिल होने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए।

हम विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे इस बात का संतोष है कि लगभग लुप्तप्राय हो चुका लोक संस्कृति से जुड़ा इगास पर्व, एक बार फिर से उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों की आस्था का केंद्र बन रहा है। उत्तराखंड के मेरे भाई-बहनों ने इगास की परंपरा को जिस प्रकार जीवंत किया है, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। देशभर में इस पावन पर्व को जिस बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है, वो इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि देवभूमि की यह विरासत और फलेगी-फूलेगी।

## मुख्यमंत्री आज भगवान बिरसा मुण्डा 'माटी के वीर' पदयात्रा में होंगे शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 13 नवंबर 2024 को जशपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। वहां वे भगवान बिरसा मुण्डा 'माटी के वीर' पदयात्रा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 13 नवंबर को जिंदल एयरस्ट्रिप रायगढ़ से हेलीकॉप्टर द्वारा सुबह 8.10 बजे प्रस्थान कर सुबह 8.50 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, जशपुर पहुंचेंगे। वहां से कार द्वारा सुबह 9 बजे जशपुर के गम्हरिया रेस्ट हाउस पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय सुबह 10 बजे पुरना नगर, जशपुर में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा 'माटी के वीर' पदयात्रा में शामिल होंगे। दोपहर 12.25 बजे बिरसा मुंडा चौक से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे कल्याण आश्रम, जशपुर पहुंचेंगे।



मुख्यमंत्री श्री साय कल्याण आश्रम से दोपहर 2 बजे प्रस्थान कर 2.05 बजे विवेकानंद कॉलोनी, जशपुर में होटल वृंदावन इंटरनेशनल का शुभारंभ करेंगे। दोपहर 3.00 बजे विवेकानंद कॉलोनी से प्रस्थान कर दोपहर 3.05 बजे रेस्ट हाउस, गम्हरिया पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4 बजे आगडीह एयरस्ट्रिप जशपुर से स्टेट प्लेन द्वारा प्रस्थान कर शाम 5 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगे।

## प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने कहा- केवल आपदाओं का ही निदान नहीं देना चाहिए, बल्कि उनसे निपटने के लिए उपाय भी करने चाहिए

### श्री मिश्रा ने 'ग्लेशियल झीलों के फटने से उत्पन्न बाढ़ के जोखिम के न्यूनीकरण की रणनीति' पर आयोजित चौथी सीओडीआरआर कार्यशाला में समापन भाषण दिया




**नई दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने हमारे समुदायों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए ग्लेशियल झीलों से जुड़े जोखिमों के न्यूनीकरण पर प्रकाश डाला। डॉ. मिश्रा आज यहां जीएलओएफ (ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड) जोखिम न्यूनीकरण के लिए रणनीतियों पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण समिति (सीओडीआरआर) की चौथी कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला के आयोजन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और जल संसाधन विभाग की सराहना करते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और अनुभवों, विशेष रूप से भारत के अनुभवों, जोखिमों और संबंधित पहलुओं को नियंत्रित करने के क्रम में चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सिक्किम ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट बाढ़ आपदा पर चर्चा ने चुनौती की व्यापकता को ध्यान में लाया है। वास्तव में, दक्षिण ल्होनक जीएलओएफ हम सभी के लिए एक चेतावनी थी। उन्होंने ग्लेशियल झीलों से जुड़े जोखिमों को दूर करने के लिए प्रभावी रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों को उद्धृत करते हुए, 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण का अर्थ केवल आपदाओं का निदान देना ही नहीं है, उनसे निपटने के उपाय करना भी है।' डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री की इस बात को दोहराया कि आपदाओं से निपटने का सबसे अच्छा तरीका उन्हें रोकना है। उन्होंने हमें याद दिलाया कि हमारे समुदायों की सुरक्षा के लिए सकारात्मक उपाय आवश्यक हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हमें एक सुरक्षित दुनिया बनाने के लिए सीमाओं और विषयों से भी आगे बढ़कर और मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने जीएलओएफ जोखिमों जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर देते हुए, डॉ. मिश्रा ने यह बताया कि भारत की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय सीमाओं से परे है; इसलिए भूटान, नेपाल, पेरू, स्विट्जरलैंड और ताजिकिस्तान जैसे देशों के जीएलओएफ विशेषज्ञों के साथ जुड़ना एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने दोहराते हुए कहा कि प्रत्युत्तर रणनीतियों की हमारी समझ को बढ़ाने के लिए इस तरह का सहयोग महत्वपूर्ण है। डॉ. मिश्रा ने देश और विदेश के विशेषज्ञों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में चर्चा की, जिन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर हमारी समझ को समृद्ध किया है। अपने विचार-विमर्श को आगे बढ़ाते हुए, डॉ. मिश्रा ने ग्लेशियल झीलों की संख्या और उनके जोखिम से जुड़े घटकों के संदर्भ में परिभाषित समस्या की व्यापकता पर भ्रम सहित चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण ल्होनक झील से खतरों को कम करने के पहले के प्रयास सफल नहीं रहे और योजनाएं मुख्य रूप से वैज्ञानिक खतरे के आकलन और झील के आकार में वृद्धि की भू-स्थानिक निगरानी तक ही सीमित रहीं, जबकि राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच जिम्मेदारी बिखरी हुई थी, जिससे भूमिकाओं को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी।

## कासगंज में दर्दनाक हादसा, मिट्टी की ढाय में दबने से 4 की मौत

**कासगंज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कस्बा मोहनपुरा में मिट्टी की ढाय में दबकर चार लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक महिलाएं और बच्चे मिट्टी में दब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव की प्रक्रिया शुरू की गई। गड्ढा इतना गहरा था कि महिलाओं और बच्चों को निकालने के लिए जेसीबी मंगानी पड़ी। इसके बाद सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक, यहां पर बच्चे और महिलाएं मिट्टी लेने आए हुए थे। तभी मिट्टी का ढाय अचानक से गिर गया। मिट्टी के नीचे करीब 20 महिलाएं और बच्चे दबे हुए हैं। मिट्टी की ढाय बहुत खोखली थी। जब बच्चे और महिलाएं मिट्टी खोद रहे थे, तभी वो इस हादसे का शिकार हो गए, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल का डोर टू डोर कैंपेन, मतदान से पहले चला बैठकों का दौर

### सांसद बृजमोहन ने जनता से की वोट देने की अपील




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए बुधवार को होने वाले मतदान से पहले मंगलवार सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने डोर टू डोर कैंपेन चलाया और घर घर जाकर भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को जिताने की अपील की।

इस कैंपेन के तहत बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी ने उत्कल बस्ती आकाशवाणी, अरविंद नगर, पंजाबी कॉलोनी, कुंद्रा पारा, बैरन बाजार, हनुमान नगर, नेहरू नगर, वीर भद्र नगर, दुलारी नगर, पुजारी नगर, सुदामा नगर उत्कल बस्ती, सतनामीपारा संजय नगर, संतोषी नगर उत्कल बस्ती, ईश्वर नगर, कुशालपुर, सुंदर नगर, सर्वोदय नगर, दुर्गा नगर, आदर्श नगर, कृष्ण नगर, राजेंद्र नगर उत्कल बस्ती में दौरा कर जनता का आशीर्वाद लिया।

**मतदान से पहले चला बैठकों का दौर :** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उत्कल समाज, ब्राम्हण समाज, सिंधी समाज और सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापार के अनुकूल वातावरण के लिए भाजपा को वोट दें।

साथ ही बूथ एजेंट्स से भी मतदान के दौरान सजग रहने को कहा और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए।

**सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जनता से की वोट देने की अपील :** सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण क्षेत्र की जनता से वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान आपका अधिकार है और देश के जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण भी है। आप का एक एक वोट बहुमूल्य है जो आपके क्षेत्र की प्रगति की दशा और दिशा तय करने वाला है। आपका सही वोट आपके जीवन में शांति और खुशहाली लाता है। इसलिए आपसे आग्रह है, कि, स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने देर रात किया मतदान केंद्र का निरीक्षण, मतदान दलों के सुविधाओं का किया अवलोकन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह देर रात दक्षिण विधान सभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने निकलें। उनके साथ नगर निगम कमिश्नर श्री अभिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जोन 04 के सरस्वती स्कूल स्थित मतदान केंद्र का किया निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान केन्दों में पेयजल, शौचालय और आवश्यकतानुसार टेंट पंडाल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को रात में रुकने बिस्तर इत्यादि की व्यवस्था मुहैया करवाएं। साथ ही डॉ सिंह ने कहा कि उनके लिए दैनंदिनी आवश्यकताओं जैसे टूथब्रश आदि देना सुनिश्चित करे। बूथों में पहचान चिन्ह और कतार सिस्टम बनाएं, उन्हीने और मतदान दलों को रात रूकने के दौरान उनके सोने के लिए बिस्तर आदि की व्यवस्था भी करें। उल्लेखनीय है कि 13 नवंबर को दक्षिण विधान सभा उप चुनाव के लिए मतदान होगा।

### मतदान दल पहुंचा मतदान केंद्र, फूलों से हुआ स्वागत, कर्मचारियों ने कहा- स्वागत होने से बड़ा गर्व महसूस हुआ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन के रवाना हुए मतदान दल के मतदान केंद्रों में पहुंचने पर फूलों की माला से स्वागत किया गया। सभी मतदान केंद्रों के कर्मचारियों के माथे पर तिलक लगाया गया। इस दौरान मतदान दलों का उत्साह बढ़ गया और निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन का धन्यवाद जताया। कर्मचारियों ने कहा कि मतदान केंद्रों में पहुंचने के बाद भव्य स्वागत किया गया। इससे बड़ा गर्व महसूस हुआ। रायपुर 12 नंवबर 2024। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन के रवाना हुए मतदान दल के मतदान केंद्रों में पहुंचने पर फूलों की माला से स्वागत किया गया। सभी मतदान केंद्रों के कर्मचारियों के माथे पर तिलक लगाया गया। इस दौरान मतदान दलों का उत्साह बढ़ गया और निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन का धन्यवाद जताया। कर्मचारियों ने कहा कि मतदान केंद्रों में पहुंचने के बाद भव्य स्वागत किया गया। इससे बड़ा गर्व महसूस हुआ।

### मतदान के लिए रायपुर दक्षिण विधानसभा में स्थित सभी कार्यालयों में होगा अवकाश

**रायपुर ( आरएनएस )।** दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए कल 13 नवम्बर को मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 51-रायपुर नगर दक्षिण में 13 नवम्बर दिन-बुधवार को निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना दिनांक 04 नवम्बर 2024 के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण मे दिनांक 13 नवम्बर 2024 दिन बुधवार को निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्थित कार्यालयो मे मतदान हेतु सार्वजनिक/सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। चूँकि रायपुर शहर मे अधिकांश कार्यालय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण के परिसीमन क्षेत्र के बाहर अन्य स्थानो पर स्थित है, एवं जिनमें 51 रायपुर नगर दक्षिण के मतदाता भी कार्य करते है। समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ अशासकीय कार्यालयों में कार्यरत ऐसे अधिकारी/ कर्मचारी जो विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण के मतदाता है, को मतदान दिवस मे मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है।

## चालू खरीफ वर्ष के लिए धान खरीदी व्यवस्था की प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण : दयालदास बघेल

### खाद्य मंत्री ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा की, किसानों को धान विक्रय में सहूलियत के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था के निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंत्री श्री बघेल ने आज अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने मंत्री श्री बघेल को अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जायेगा।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कुषकों की संख्या 27,01,109 है। इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है। कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है।

सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा। इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है।

## आईएएस कुमार विश्वरंजन बने चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर चिप्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने आईएएस कुमार विश्वरंजन को चीफ ऑपरेटिंग ऑफि सर छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) के पद पर पदस्थ किया है। इसके साथ ही उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित किया हैं।

## प्रदेश में आज से 16 दिसंबर तक शादियों के सीजन में लगभग 3,000 करोड़ का अतिरिक्त व्यापार संभावित : अमर पारवानी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर प्रदेश में अगले 16 दिसंबर तक शादियों के सीजन में लगभग 3,000 करोड़ का अतिरिक्त व्यापार संभावित है। आज शादियों के सीजन का पहला दिन है, जो 18 दिनों तक चलेगा। इस अवधि में पूरे प्रदेश सहित देश भर में लगभग 48 लाख शादियाँ होने का अनुमान है जो व्यापारिक गतिविधियों में जबरदस्त वृद्धि लाएगा और अगले एक महीने से अधिक समय तक प्रदेश सहित देश में गाजे बाजे की आवाज़ सुनाई देगी। आज प्रदेश सहित देश भर के विभिन्न राज्यों के मंदिरों एवं अन्य अनेक स्थानों पर तुलसी विवाह भी संपन्न हुए। तुलसी का पौधा सीधा भगवान विष्णु से संबंधित होता है और देवउठनी एकादशी पर देशभर में भगवान श्री विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का विवाह तुलसी माता से करवाया जाता है जिसे बहुत शुभ माना गया है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि पुराणों के अनुसार देवउठनी एकादशी को भगवान श्री विष्णु चार माह की निद्रा के बाद जागते हैं तथा देव के उठने के बाद से ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है और इसीलिए इस दिन से शादियों के शुभ मुहूर्त भी शुरू होते हैं। शादी के सीजन में कपड़े, आभूषण, सजावट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, उपहार और खानपान जैसी विभिन्न श्रेणियों के व्यापार में बड़ी वृद्धि होती है वहीं बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के सेवा प्रदाताओं को भी बड़ा व्यापार मिलता है वहीं बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर भी मिलते हैं। कैट के एक अनुमान के अनुसार, इस शादी के सीजन में व्यापार से लगभग 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होगा जो प्रदेश सहित देश के आर्थिक एवं सामाजिक ढाँचे को मजबूत करेगा। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि यह सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था में सनातन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण प्रतिभाग को दर्शाता है।


Khadi India

**प्रधनमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ( PMEGP ) के अंतर्गत**

**एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता शिविर**

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है-

**दिनांक :** 14.11.2024

**स्थान :** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक, अटल बिहारी बाजपेयी एजुकेशन सिटी, ग्राम-जवांगा, पोस्ट-गीदम, जिला-दंतेवाड़ा ( छ.ग. )

**समय :** 10:00 बजे से सायं 04: 00 बजे तक

राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के तहत लोगों को जागरूक एवं स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने हेतु उपरोक्तानुसार एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं ऐसे इच्छुक व्यक्ति जागरूकता शिविर में सादर आमंत्रित है। जागरूकता शिविर में गैर सरकारी संगठन (NGO) पंचायती राज के सदस्य एवं स्वयं के रोजगार स्थापित करने के इच्छुक व्यक्ति सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में शामिल होकर पीएमईजीपी योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**निदेशक**
राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

प्रथम तल, गांधी भवन, केयूर भुषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-2886-428
E-mail:- soraipur.kvic@gov.in Website: www.kvic.org.in
प्रथम तल, गांधी स्मृति भवन, केयूर भुषण परिसर, कंकाली पारा, रायपुर-492 001
1st floor, Gandhi Bhavan, keyur Bhushan Smriti Parisar, Kankalipara, Raipur 492001
दूरभाष/Tele: 0771-2886428, ई मेल/E-mail:- soraipur.kvic@gov.in
Registration No. of GST-GSTIN 22AAAAKR320N1Z0 TDS under GST-GSTIN 22/BP50253IRIDG
आज़ादी का अमृत महोत्सव



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-76-24-25, दिनांक : 04.11.2024**
**कार्य का नामः** दो साल की अवधि के लिए रायपुर मंडल में कार्यरत यू.एस.एफ.डी. मशीनों की जांच, मरम्मत और रखरखाव सहित सर्विसिंग करने और स्पेयर पार्टस की आपूर्ती करने के लिए भी वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **निविदा मूल्य :** रू. 1,82,24,275/-. **बयाना राशि:** रू. 2,41,100/-.

**(2) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-81-24-25, दिनांक : 04.11.2024**
**कार्य का नामः** रायपुर डिविजन के बिलासपुर-दुर्ग - सी.टी.आर.(एस) - 13.393 टीकेएम और रायपुर-लखोली - सी.टी.आर.(एस) - 18.659 टीकेएम का कार्य।
**निविदा मूल्यः** रू. 10,62,95,539/-. **बयाना राशि:** रू. 6,81,500/-

**(3) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-82-24-25 दिनांक : 04.11.2024**
**कार्य का नामः** रायपुर डिविजन के बिलासपुर-दुर्ग-टी. बी. आर.-62.542 टीकेएम एडीईएन/I/भिलाई के अधिकार क्षेत्र में और रायपुर-लखोली - टी.बी.आर.-7.072 टीकेएम एडीईएन/ट्रैक/रायपुर के अधिकार क्षेत्र में का कार्य।
**निविदा मूल्य :** रू. 7,23,11,504 /-.**बयाना राशि:** रू. 5,11,600/-.

**(4) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-83-24-25, दिनांक 04.11.2024**
**कार्य का नामः** रायपुर डिविजन के ए.डी.ई.एन./भाटापारा के अधिकार क्षेत्र में बिलासपुर-दुर्ग - टी. बी. आर. - 65.499 टीकेएम का कार्य।
**निविदा मूल्य :** रू. 6,80,46,896/-. **बयाना राशि:** रू. 4,90,200/-

**निविदा प्रस्तुत करना :** 11.00 बजे तक दिनांक 06.12.2024. - **निविदा खोलना :** 11.00 बजे दिनांक 06.12.2024.

विस्तृत विवरण / निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय / एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें। **वरि. मंडल अभियंता-I,**
**PR/R/Engg/AAA/161 द.पू.म.रेलवे / रायपुर**
South East Central Railway @secrail



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./15678/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15678
**वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227L00492** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. RAMLALI SHARMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O N.K. SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री निर्भय कुमार सिंह** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - श्री जमुना प्रसाद सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./15602/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15602
**वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227F00053** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHAYA KATKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O HARILAL KATKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती सुल्ताना खान** पिता/पति श्री/श्रीमती **पति - श्री इबाद अहमद खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./15601/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15601
**वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227S00115** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHARANJEET SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O INDRAJEET SINGH** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री अजय सिंह** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री एस. एन. सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./15508/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15508
**वार्ड का नाम-29- गुरू गोविंद सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334C00094** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. KANTA BAI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O GURHAN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती गंगू दीप** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री गुरलदास थारवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15674/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 12-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15674
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737A0314B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **HAMIDA BANO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O MD. ISMAIL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 मोहम्मद असलम 2 मोहम्मद अशरफ 3 मोहम्मद फारूख 4 जैबुन निशा मोकाती 5 फरीदा बानो 6 नशरीन बानो 7 रेहाना सिल्लाट** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सभी के पिता - श्री मरहूम कादर इस्माइल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15677/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 12-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15677
**वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436L00090** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PREMCHAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O NAVALMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती राखी काबरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री पुनीत काबरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **परसुलीडीह** रायपुर, स्थित भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-38 श्रीमती ताड़िमेटि माणिक्यांबा पति श्री ताड़िमेटि शेषगिरि राव,** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक **24.04.2012** को पंजीकृत कराने के उपरांत पूर्ण मूल्य जमा कर इस कार्यालय के पत्र **क्रमांक 10099 दिनांक 27.08.2015** के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। तद्युपरांत उक्त भवन का **दिनांक 12.06.2024** को हस्तांतरण विलेख निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन तद्उपरांत उक्त भवन को **क्रेता श्री प्रभात कुमार पिता श्री नरेन्द्र प्रसाद निवासी एल.आई.जी. 771 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )** के पक्ष में दिनांक 23.10.2024 को विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। वर्तमान में **श्री प्रभात कुमार पिता श्री नरेन्द्र प्रसाद** के द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन क्रमांक-38 का फ्री-होल्ड पश्चात् मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचन प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधेहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./15403/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15403
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108A0579A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. VINOD KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHWANATH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **P VANDANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **P PRAKASH RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./15402/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15402
**वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108A00579** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. VINOD KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHWANATH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SARASWATI YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /15703/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15703
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801H0089D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BALJEET KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GURUDEV SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAKESH KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BRAHMANAND AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./15676/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15676
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220A00175** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS. PHULKUNWAR BAI MAHESHWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O GANESH LAL MAHESHWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री विनोद माहेश्वरी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री गणेश लाल माहेश्वरी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम-सूचना***

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कबीर नगर कॉलोनी में निर्मित **एम.आई.जी. भवन योजना** के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक **MIG BLOCK NO 2 HOUSE NO. - 26, श्रीमती शौर्या चन्द्राकर ( धरंधर ) पति श्री अमित धुरंधर** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 30.11.24 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती नाजली तबस्सुम पति श्री मासूम परवेज** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन से विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /15707/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15707
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568A00360** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ATUL KUMAR JHA S/O DR. N. JHA, NAMIT JHA W/O ATUL JHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ATUL KUMAR JHA S/O DR. N. JHA, NAMIT JHA W/O ATUL JHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1- ABHISHEK JHA 2- SHYAM LAL JHA 3 SANDEEP JHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. ATUL KUMAR JHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **माता - पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र बी 1 न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर राजस्व प्रकरण क्रमांक 202410113800027/ अ6/ वर्ष 23*24**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /15705/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 11-11-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15705
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C0190F** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **USHA SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHYAM KRISHNA SINHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1- TRIVENDRA KUMAR CHAKRADHAR 2- RITU KUMAR CHAKRADHAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1- GULAB SINGH CHAKRADHAR 2- TRIVENDRA KUMAR CHAKRADHAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कुदरगढ़ परिक्षेत्र में विचरण कर रहे बाघ की ट्रेसिंग का किया जा रहा प्रयास






## आमजनों को दूर रहने के लिए की गई अपील

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–आज वन मण्डल सूरजपुर के कुदरगढ़ परिक्षेत्र में विगत कुछ दिनों से विचरण कर रहे बाघ की ट्रेसिंग का प्रयास किया गया। संयुक्त वन मण्डलाधिकारी ओड़गी के नेतृत्व में वनपरिक्षेत्र अधिकारी कुदरगढ़ एवं उनके परिक्षेत्र के समस्त कर्मचारियों एवं उड़नदस्ता सूरजपुर वन मण्डल तथा परिक्षेत्र अधिकारी बिहारपुर की उपस्थिति में कुल 04 दलों का गठन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों को वन मण्डल अधिकारी सूरजपुर एवं श्री प्रभात दुबे वन्यप्राणी विशेषज्ञ द्वारा संबोधित कर बाघ की ट्रेकिंग हेतु आवश्यक जानकारियां एवं इस दौरान बरतने वाली सावधानियों से भली भांति अवगत कराया गया। 卐एण्टी स्नेअर वाक卐 का प्रशिक्षण दिया गया। सभी चारों दलों द्वारा विगत दिवस बाघ द्वारा मवेशियों के शिकार स्थल के आस-पास वनक्षेत्रों का सघन भ्रमण कर बाघ के आने तथा जाने के मार्ग को ट्रेस करने का प्रयास किया गया। बाघ के लोकेशन पता करने हेतु ड्रोन कैमरे की सहायता भी ली जा रही है, ट्रेप कैमरा भी लगाया गया। विभिन्न दलों के द्वारा गश्ती करके बाघ की लोकेशन की जानकारी एकत्र करने की कोशिस की जा रही है, साथ साथ जंगल क्षेत्र में चरवाहों को मवेशी चराने के लिए न ले जाने हेतु समझाइस दिया गया तथा आस-पास के गांव से लगे वनक्षेत्रों में बाघ का विचरण हो रहा है, कोई भी जंगल में न जाने की मुनादी कराया गया ।

## जेलगांव दर्री में आदिवासी शक्तिपीठ स्थल पर बूढ़ादेव, ठाकुर देव एवं सरना देव का स्थापना कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रविवार 10 नवम्बर को सर्व आदिवासी समाज अयोध्या पूरी जेलगांव दर्री में आदिवासी शक्तिपीठ स्थल पर बूढ़ादेव, ठाकुर देव एवं सरना देव का स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया इस आयोजन स्थापना के कार्यक्रम में विश्व के प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ कोरबा के मुख्य पुजारी रामचरण गोंड, बहुर सिंह ध्रुव श्री जोगी सिदार एवम मांझी लिंगो सहित उरांव समाज के जशपुर, झारखंड से पधारे पुजारी ने सरना देव जी का आदिवासी रूढ़िजन परंपरा के आधार पर स्थापना एवं पूजन के कार्यक्रम को संपन्न कराया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन में श्रम एवं उद्योग वाणिज्य कैबिनेट मंत्री श्री लखन देवांगन जी के प्रतिनिधि के रूप में श्री नरेंद्र देवांगन एवं नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद शक्तिपीठ के संस्थापक एवं संरक्षक श्री रघुवीर सिंह मार्को शक्तिपीठ के संरक्षक मोहन सिंह प्रधान शक्तिपीठ के उपाध्यक्ष श्री निर्मल सिंह राज के आतिथ्य में संपन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के संबोधन में श्री राजकिशोर प्रसाद एवं श्री नरेंद्र देवांगन ने अपनी शुभकामनाएं सहित अपनी बात रखी एवं समाज के मांग पर सामुदायिक भवन हेतु श्री नरेंद्र देवांगन जी के द्वारा माननीय कैबिनेट मंत्री के तरफसे 15 लाख की घोषणा की गई साथ ही राजकिशोर प्रसाद जी महापौर नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा भी मांगी गई मांगों को त्वरित निराकरण हेतु आश्वासन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष के आसंदी से श्री रघुवीर सिंह मार्को ने आदिवासी सांस्कृतिक इतिहास को बड़े विस्तार पूर्वक उपस्थित लोगों के सामने रखें। तत्पश्चात आदिवासी शक्तिपीठ के संरक्षक श्री मोहन सिंह प्रधान ने भी अपने विचार एवं समाज के द्वारा मांगी गई मांगों को अतिथियों के समक्ष रखा शक्तिपीठ के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राज ने भी अपने विचार रखें अंत में आए हुए अतिथियों ने बेहतरीन कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं आयोजक मंडल को धन्यवाद दिया और भविष्य में हमेशा सहयोग की बात भी कहीं अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष वासुदेव भगत जी के द्वारा आए हुए अतिथियों एवं उपस्थित भारी जन समुदाय को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भू-विस्थपितों ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भू-विस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन ने कलिंगा कंपनी गेट के सामने रोजगार के लिए रविवार को बेरोजगार स्थानीय युवाओं को कंपनी में रोजगार की मांग को लेकर सुबह से धरने पर बैठे थे। भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि स्थानीय बच्चों को नौकरी नहीं दी जा रही है। इसी बात को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष उषा विश्वकर्मा का कहना है कि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है,इसी बात को लेकर भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कंपनी के गेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि जो बाहरी व्यक्ति हैं उसको हटाकर क्षेत्र की युवाओं को रोजगार दिया जाए। उनकी मांग है कि यहां की कंपनियों में युवाओं को रोजगार दिया जाए। कलिंगा कंपनी विकास दुबे और भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन पदाधिकारी व सदस्यों के साथ रोजगार की बातचीत हुई इसके बाद स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया है। कंपनी प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। इस धरने पर डारेक्टर जनकू दास दीवान, प्रदेशअध्यक्ष कुमारी उषा विश्वकर्मा, जिलाअध्यक्ष संतोष पटेल,प्रदेश उपाध्यक्ष नादेश्वरी साहू, रामेश्वर यादव, विद्यानंद राठौर, कृष्णा जायसवाल,जिला सचिव महिला मोर्चा राजीम कर्ण,मीना, दुर्गा यादव,जानकी बाई श्याम, मंजू यादव,गौरी यादव,सुशीला,रजनी,राज ओग्रे, दुर्गेश साहू, सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष पदाधिकारी सदस्य एवं आसपास गांव के बेरोजगार युवाओं ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में गंभीरतापूर्वक सुनी लोगों की समस्याएं

**जशपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आये ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामीणों और नागरिकों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए साथ ही विभागीय अधिकारियों को शासकीय योजनाओं का प्रत्येक हितग्राहियों को लाभ दिलाने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, क्षतिपूर्ति की राशि भुगतान, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## कलेक्टर जयवर्धन ने ली पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की विस्तृत मासिक समीक्षा बैठक

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आज कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा आदि के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, सर्व जनपद सीईओ तथा जिला पंचायत के सभी अधिकारी, अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को शत प्रतिशत रूप में लागू करवाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों, निर्माणाधीन आवास एवं पूर्ण हुए आवासों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जो आवास समय पर पूर्ण नहीं हुए हैं उनको समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने इस योजना के लिए हितग्राहियों का शत प्रतिशत पंजीयन करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने आवास निर्माण को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपदवार किए गए समीक्षा में जहां अपेक्षित उपलब्धि नहीं मिली है वहां शीघ्र लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों और विगत पूर्ण कार्यों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसके अंतर्गत सभी गतिविधियों पूरी तन्मयता के साथ करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता योजना से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी को निरंतर प्रयास करना होगा। उन्होंने स्वच्छता को बनाए रखने के लिए विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम को लागू करने के लिए कहा। ग्राम के गड्ढों को भरना, कूड़े का निपटान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण, सभी घरों से निकलने वाले गंदे पानी का निपटान, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय निर्माण आदि के माध्यम से स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला समूहों को उद्यमिता से जोड़ने और उनके आय में बढ़ोत्तरी करने के उपायों पर चर्चा की।

## सीएमडी ने गेवरा माइंस का लिया जायजा, उत्पादन और डिस्पैच बढ़ाने दिया निर्देश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** खदानों के निगेटिव ग्रोथ ने कंपनी प्रबंधन की चिंताएं बढ़ा दी है। जिसे लेकर आला अधिकारी लगातार खदानों का दौरा कर रहे हैं। इस कड़ी में सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा गेवरा खदान पहुंचे। सभी पैच में पहुंचकर खनन गतिविधियों का जायजा लिया। उत्पादन एवं डिस्पैच में वृद्धि पर जोर दिया। शनिवार को एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा गेवरा खदान के दौरे पर पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने खदान के सभी पैच में जाकर कोयला खनन एवं ओबीआर कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। गेवरा टीम से चर्चा करते हुए उन्होंने खदान के परफॉर्मेंस की समीक्षा की। उन्होंने आने वाले महीनों में इस वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन एवं डिस्पैच में वृद्धि लाने के लिए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि चालू वित्तीय वर्ष के अक्टूबर महीने में एसईसीएल ने पूरी



ताकत झोंकने के बाद 12.4 मिलियन टन कोयला खनन किया है। यह खनन अक्टूबर 2023 में किए गए खनन से 1.6 मिलियन टन कम है। पिछले वर्ष इसी माह में कंपनी ने 14 मिलियन टन कोयला खनन किया था। इस तरह कंपनी के उत्पादन में 11.1 फीसदी की नेगेटिव ग्रोथ दर्ज की गई है। कोयला खनन में यह गिरावट पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा देखी जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष में कंपनी ने अप्रैल से अक्टूबर तक यानि वित्तीय वर्ष के सात महीने में 43.9 मिलियन टन कोयला खनन किया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी ने अप्रैल से अक्टूबर के बीच 91.7 मिलियन टन खनन किया था। यहां भी 8.6 फीसदी नेगेटिव ग्रोथ दर्ज की गई है। यह नेगेटिव ग्रोथ न सिर्फ उत्पादन में बल्कि कोयला परिवहन में भी दर्ज किया जा रहा है। इससे कंपनी की चिंता बढ़ गई है। अक्टूबर के महीने में कोयला लदान में पिछले साल अक्टूबर की तुलना में 13.8 फीसदी का नेगेटिव ग्रोथ दर्ज किया गया था। कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एसईसीएल नेगेटिव ग्रोथ से पीछा नहीं छुड़ा पा रही है। अक्टूबर महीने में कोयला उत्पादन में 11.1 फीसदी नेगेटिव ग्रोथ दर्ज की गई है। इससे कोयला कंपनी की चिंता बढ़ गई है। यह नेगेटिव ग्रोथ पिछले साल इसी अवधि की तुलना में भी ज्यादा है। रविवार 10 नवंबर को सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने गेवरा मेगाप्रोजेक्ट के आरएलएस (रैपिड लोडिंग सिस्टम) लक्ष्मण का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने आरएलएस में डिस्पैच व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।

## आंवला नवमी पर वरिष्ठ नागरिकों ने औषधीय महत्व के पौधे लगाए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कार्तिक मास को शुक्ल पक्ष की नवमी तिथी को आंवला नवमी के रुप में मनाया जाता है। कोरबा जिले में इस दिन विशेष को धूमधाम से मनाया गया। कई स्थानों पर आंवला पेड़ की कमी को देखते हुए तुलसीनगर के वरिष्ठजनों ने स्थानीय उद्यान में आंवला और बेल के पौधों का रोपण किया ताकी आने वाले समय में लोगों को पूजा पाठ के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े। सनातन धर्म में साल भर कोई न कोई पर्व त्यौहार मनाया जाता है। इन्हीं पर्वों में से एक आंवला नवमी का पर्व है,जिसे कार्तिक मास को शुक्ल पक्ष की नवमी तिथी को मनाया जाता है। कोरबा में इस दिन विशेष को धूमधाम से मनाया गया। आंवला पेड़ की पूजा पाठ करने के साथ ही लोगों ने वनभोज का भी आनंद लिया। इस विशेष मौके पर तुलसी नगर के वरीष्ठजनों ने अपने सरोकार दिखाए। सुबह सुबह उन्होंने क्षेत्र के उद्योन में आंवला और बेल के पौधों का रोपण किया ताकी आने वाले समय में ये पौधे वृक्ष का रुप ले सके और लोगों को पूजन अर्चन के लिए किसी दूसरे स्थान पर ना जाना पड़े। विकास के नाम पर लगतार पेड़ों की बलि दी जा रही है,जिससे पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ रहा है। इस लिहाज से तुलसी नगर के वरिष्ठ जनों का यह प्रयास तारीफके काबिल है और निश्चित रुप से इसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महामाया खुली खदान के लिये अधिग्रहित भूमि के एवज में भू-विस्थापितों को रोजगार हेतु साक्षात्कार का होगा आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–12 नवंबर 2024 जिले के भटगांव क्षेत्र के ग्राम जरही में एस ई सी एल की प्रस्तावित महामाया खुली खदान परियोजना के लिये ग्राम जरही की अधिग्रहित भूमि के एवज में एसईसीएल मुख्यालय द्वारा 56 भू-विस्थापितों / आश्रितों को रोजगार प्रदान किया जाना है, जिसकी स्वीकृति मुख्यालय बिलासपुर के तहत क्षेत्र को प्राप्त हुआ है। प्रक्रिया के तहत उन भू-विस्थापितों के द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया जाना है। इस साक्षात्कर हेतु अधिग्रहित भूमि के राजस्व अभिलेख व भूमिस्वामी तथा उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही भी की जाएगी। इसमें 56 एवं 09 कुल 65 भू-स्वामियों के द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवारों के अभिलेख सत्यापन के लिये दिनांक 16 नवंबर 2024 को शिविर का आयोजन सांस्कृतिक भवन नगर पंचायत जरही में करवाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, प्रतापपुर द्वारा महाप्रबंधक एस ई सी एल भटगांव को पत्र जारी किया गया है। इस साक्षात्कार हेतु सम्पूर्ण अभिलेख सहित भूमिस्वामी व उम्मीदवारों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### अवैध कबाड़ दुकान को पुलिस ने किया सील

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल पाठक द्वारा अवैध जुआ, सट्टा, कबाड़, शराब कार्यों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश पालन में मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर एसईसीएल हॉस्पीटल रोड बांकीमोंगरा में संचालित अवैध कबाड़ दुकान संचालिका किरण साहू की कबाड़ दूकान में रेड कार्यवाही किया जो उपरोक्तानुसार सम्पत्ति पाई गई। दुकान संचालिका के द्वारा किसी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज नहीं होना पाये जाने पर जप्त किया गया है उक्त आरोपिया कबाड़ दूकान संचालिका एवं उनके पुत्र विकास साहू, आकश साहू के विरूद्ध चुराई हुई सम्पत्ति खरीदने बिक्री करने की पूर्व अपराधिक प्रकरण दर्ज है जिस पर चालानी कार्यवाही हुई है उसके बाद भी दूकान संचालिका के द्वारा इस कार्य में लिप्त होकर चुराई हुई अपराध से संबंधित सम्पत्ति की खरीद फ़रोत में लगी हुई है जो अपने घर के बगल में ही कबाड़ दूकान संचालित कर सरकारी एवं निजी सम्पत्तियों को खरीदी बिक्री करने पूर्ण रूप से अपने परिवार के साथ मिलकर संचालित कर रही है इन दशाओं में अवैध कबाड़ दूकान संचालिका की अवैध कार्यों पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए मान कार्यपालिक दण्डाधिकारी के द्वारा अवैध कबाड़ दूकान को सीलबंद किया गया है।

### शिक्षिका ने अपने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम में सामूहिक सहभागिता के तहत आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली में शिक्षिका श्रीमती अनीता सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। शिक्षिका अनीता सिंह के द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों, शिक्षकों एवं ग्राम के सदस्यों को न्योता भोज कराया। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ने कहा न्योता भोज का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है, न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। आप सभी को इस योजना में बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। शिक्षिका अनीता सिंह के द्वारा सर्वप्रथम केक काटकर सभी बच्चों एवं अतिथियों को न्योता भोज में मीठा रूपी हलवा एवं पूर्ण भोजन कराया। बच्चों ने शिक्षिका को बधाई एवं जन्मदिवस का उपहार दिया। आभार प्रकट करते हुए शिक्षक योगेश साहू ने कहा कि अनिता सिंह मेम के जन्मदिन पर सभी बच्चों को पूर्ण न्योता भोज दिया गया। शाला परिवार और सभी बच्चों की तरफसे उन्हें धन्यवाद देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से अपने जन्मदिन, सालगिरह, गृह प्रवेश या किसी भी अन्य कार्यक्रम में स्कूलों में न्योता भोज दे सकता है।

### कनबेरी गौशाला में मनाया गया गोपाष्टमी का पर्व

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अग्रवाल सभा कोरबा के द्वारा संचालित श्री जीवीअग्रसेन गौधाम में इस वर्ष भी गौपाष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाने गया इस अवसर पर गौमाता का भव्य पूजन व मंचीय कार्यक्रमों के साथ प्रसाद वितरण किया गया गोपाष्टमी का त्यौहार में सर्वप्रथम गौमाता की पूजा अर्चना कि गई इसमें गौमाता का भव्य पूजन किया गया पूजन के दौरान गौमाता की श्रृगार व हवन व आरती कि गई जिसमें अग्रबन्धुओं व अन्य समाज से प्रधारे भक्तों ने हिस्सा लिया इसके साथ मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# संपादकीय

## कहीं ऐसा न हो,यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए

झारखंड में समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी मगर आदिवासी समुदायों की पहचान व विरासत पूरी तरह संरक्षित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। अमित शाह ने भाजपा के सत्ता में वापस लौटने पर राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रुपये देने का वादा भी किया। समान नागरिक संहिता को देश भर में लागू करने का वादा 2024 के आम चुनाव में भाजपा पहले ही कर चुकी है जिसमें देश के सभी नागरिकों के लिए समान नियम स्थापित करने का प्रस्ताव है। विवाह, तलाक, विरासत व संपत्ति का अधिकार इसमें शामिल हैं। जनसंघ के काल से ही सभी नागरिकों के लिए समान संहिता की बात उठती रही है जिसे भाजपा ने पिछले कुछ समय से पारिवारिक कानूनों में एकरूपता के नाम पर परिभाषित किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में इसे शामिल किया गया है परंतु इसे जबरन कानून के जरिए लागू नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ मार्गदर्शक सिद्धांत है। तमाम विवादों के बाद आदिवासी संस्कृति को इससे अलग करने का दबाव है। शायद इसीलिए आदिवासी इलाकों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लोभ में पार्टी को अपने विचार में मुलायमियत दिखानी पड़ रही है। आदिवासियों के वोटों का महत्त्व पार्टी समझ रही है। उन्हें यूसीसी के नाम पर छिटकने नहीं देना चाहती। आदिवासियों की परंपराओं व स्थानीय रीतियों में इस नियम के बाद पाबंदी लगने का भय दिखा कर विपक्ष इस वोट बैंक को अपने पक्ष में करने को लालयित रहा है। शाह के स्पष्टीकरण से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता है। विभिन्न धर्मावलंबियों की परंपराएं व रीतियां भिन्न हैं। विपक्षी दल बार-बार यही आरोप लगाते हैं कि सरकार की मंशा उन पर रोक लगाने की है। हालांकि कुछ आदिवासी समुदायों में महिलाओं को पहले ही तमाम अधिकार प्राप्त हैं। इसीलिए भाजपा को अपना कदम पीछे खींचने को मजबूर होना पड़ा। रही बात प्रलोभन देने की तो यह भारतीय राजनीति का प्रमुख अस्त्र है। सरकारें पहले अपनी जिम्मेदारियां निभाने में कोताही करती हैं पर ऐन चुनाव के दौरान उन्हें जनता को होने वाली दिक्कतों का अहसास होता है। सुधारवादी कदम उठाते हुए सरकार को जनता की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए।

# ओलंपिक के लिए दावेदारी व खेल प्रशिक्षण

भूपिंदर सिंह



क्या हिमाचल सरकार बढिया़ प्रशिक्षकों को यहां लगातार कई वर्षों के लिए अनुबंधित कर प्रदेश के खिलाडिय़ों को राज्य में ही प्रशिक्षण सुविधा दिला कर खेल प्रतिभा का पलायन रोक सकती है ओलंपिक 2036 भारत में आयोजित करवाने की बात पर भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी को नयी दिल्ली आयोजन करवाने हेतु पत्र भेज कर पहला कदम उठा लिया है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस स्तर पर भारत का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट हो। इसलिए भारत में अच्छे प्रशिक्षकों को सही सुविधा व प्रबंधन देना बहुत ही जरूरी हो जाता है, क्योंकि खिलाड़ी से उच्च परिणाम केवल प्रशिक्षक ही दिलाता है। आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफ्ल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है, जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी, तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है, क्योंकि इस टैस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है। ऐसे में एथलेटिक्स प्रशिक्षक की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां अन्य खेलों- कुश्ती, मुक्केबाजी, हैंडबाल व वॉलीबाल आदि के प्रशिक्षक का क्या औचित्य है, इस बात का उत्तर किसी के भी पास नहीं है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज-मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा, वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा। हद तो तब हो जाती है, जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडिय़ों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है। क्या प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है। खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वह उसे उस क्षेत्र में उच्चत्तम शिखर तक ले जाना चाहता है, जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी, मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सबके लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सकें। इसलिए देश में निजी खेल अकादमियों का चलन भी बढ़ रहा है। गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी के विश्व स्तर के परिणाम सबके सामने हैं। यह सब लगातार अच्छे प्रशिक्षण कार्यक्रम का ही नतीजा है। इस समय विभिन्न खेलों के लिए देश में निजी स्तर पर कई अकादमियां शुरू हो चुकी हैं। इन खेल अकादमियों को अधिकतर पूर्व ओलंपियन चला रहे हैं और यहां से अच्छे खेल परिणाम भी मिल रहे हैं। इन अकादमियों में जो विशेष है, वह यह है कि यहां उच्च क्षमता वाला प्रशिक्षक लगातार उपलब्ध है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी, तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। हिमाचल प्रदेश के पास आज विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तैयार हैं, पर वहां पर या तो प्रशिक्षक हैं ही नहीं और जहां हैं भी, वे या तो प्रशिक्षण से बेरुख हैं या उनमें अच्छे स्तर के खेल परिणाम दिलाने की क्षमता ही नहीं है। क्या हिमाचल सरकार उड़ीसा व गुजरात आदि राज्यों की तरह उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले बढिया़ प्रशिक्षकों को यहां लगातार कई वर्षों के लिए अनुबंधित कर प्रदेश के खिलाडिय़ों को राज्य में ही प्रशिक्षण सुविधा दिला कर खेल प्रतिभा का पलायन रोक सकती है? इससे प्रदेश में खेल वातावरण बनेगा, तो हर खेल प्रशिक्षक प्रेरित होकर चाहेगा कि उसके शिष्य भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस सबके लिए खेल विभाग व जहां प्रशिक्षक प्रशिक्षण करवा रहा है, वहां उसे सही प्रबंधन देकर प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोडऩा होगा, तभी कुछ बेहतर होगा।

## आलेख

# किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी..........

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रु पये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रु पये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई। रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रु पये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद-बिक्री का सत्र अप्रैल, 2025 से शुरू होगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढने् से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरु आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ-साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढने् से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे। किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल-गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक-आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है। उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए। कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं।

# बस अच्छी फ़िल्में तो बनाई जाएं थिएटर तक आने तैयार

पंकज दुबे

तुम्बाड देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज़ का भी एक अर्थ है। फ़िल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिज़ाइन, और कलर पैलेट- सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फ़िल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड' अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी। हिंदी फ़िल्म उद्योग में 2024 में एक नई शुरुआत यह हुई है कि बहुत-सी अच्छी, सार्थक और लोकप्रिय फ़िल्मों को सिनेमाघरों में एक बार फिर से रिलीज़ किया जा रहा है। इस शृंखला में अब तक तेज़ाब (1988), मैंने प्यार किया (1989), ताल (1999), रहना है तेरे दिल में (2001), वीर ज़ारा (2004), रॉकस्टार (2011), गैंग्स ऑफ़ वासेपुर (2012) के साथ-साथ 2018 की एक दिलचस्प फ़िल्म तुम्बाड' को भी फिर से रिलीज़ किया गया है। इस ट्रेंड ने सिनेमाघरों में जाकर फ़िल्में देखने वाले दर्शकों में एक नया उत्साह भरा है। तुम्बाड' एक पीरियड हॉरर फ़िल्म है, जो राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित है। फ़िल्म के लेखक हैं मितेश शाह, आदेश प्रसाद और आनंद गांधी। इस फ़िल्म में आनंद गांधी ने क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है। तुम्बाड' की दोबारा रिलीज़ इसके दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में एक बार फिर से एक अनोखा अनुभव लेकर आई है। इसने उन दर्शकों का भी ध्यान अपनी तरफ खींचा है, जिन्होंने पहले यह फ़िल्म मिस कर दी थी। तुम्बाड आज भी उतनी ही प्रभावशाली और जादुई लगती है, जितनी पहले थी। तुम्बाड' की कहानी महाराष्ट्र की एक प्राचीन लोककथा पर आधारित है। यह कहानी लालच, रहस्य और भय का ऐसा मेल है कि दर्शकों के मन में कई सवाल उठाती है और बुनियादी ह्यूमन इंस्टिंक्ट्स के इर्द-गिर्द सोचने पर मजबूर करती है। यह फ़िल्मकार का कौशल ही है कि वह दर्शकों को बखूबी हस्तर' के किरदारों का जीवंत साक्षी बना देता है। साथ ही वह तुम्बाड की रहस्यमयी दुनिया में डर के साथ-साथ कहानी की गहराई को भी बढ़ाता है। तुम्बाड' की कहानी धरती माता के पुत्र हस्तर देवता पर आधारित है। वास्तविक जीवन में भगवान हस्तर के बारे में कोई भी ग्रंथ या लोककथा ढूंढ पाना मुश्किल है। फिल्म में हस्तर के बारे में बताया गया है कि वह उस देवी का सबसे प्रिय पुत्र है, जिसने सभी देवी देवताओं को जन्म दिया। फ़िल्म में हस्तर को एक पौराणिक देवता के रूप में दिखाया गया है, जो धन और अनाज का देवता है। फ़िल्म की कहानी के अनुसार, हस्तर एक लालची और स्वार्थी देवता था, जिसने अपने हिस्से से हमेशा ज़्यादा की चाह रखी। उसने देवी के खज़ाने से सारा सोना ले लिया और फिर सारा अनाज भी लेना चाहा लेकिन, दूसरे देवताओं ने उसे अनाज नहीं लेने दिया। उस पर हमला कर दिया। बाद में उसे अनाज से वंचित कर दिया गया। इसके अलावा उसे धार्मिक ग्रंथों से गायब कर दिया गया और पूरी दुनिया उसके बारे में भूल गई। फिल्म के अनुसार, हस्तर अभी भी अपनी मां की कोख में कैद है। हस्तर के बारे में कहा गया कि उसका नाम नहीं लेना चाहिए, उसका नाम लेने से विनाश हो सकता है। वहीं, हस्तर' का सिर किसी ऑक्टोपस जैसा था, पंख किसी चमगादड़ जैसे थे और आंखें सुनहरी थीं। हस्तर' हमेशा एक पीले रंग के कपड़े से ढका रहता था। तुम्बाड' देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज़ का भी एक अर्थ है। फ़िल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिज़ाइन, और कलर पैलेट- सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फ़िल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड' अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी। फ़िल्म की कहानी एक क्लासिकल तरीके से आगे बढ़ती है, जिसमें सार्वभौमिकता का अहसास है। राही अनिल बर्वे का निर्देशन अद्भुत है। इस तरह की जटिल कहानी को सरलता से और प्रभावशाली ढंग से पर्दे पर लाना आसान काम नहीं है। सीन-दर-सीन वे दर्शकों को कहानी के साथ बांधे रखते हैं, और हर दृश्य में डर और रोमांच का एहसास कराते हैं। अगर हम इस फ़िल्म में कलाकारों की परफॉरमेंस की बात करें तो इसमें सभी किरदार है यादगार हैं। सोहम शाह ने विनायक का किरदार बड़ी गहराई से निभाया है। विनायक का लालच और उसकी आंखों में दिखने वाला जुनून दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ता है। इसके अलावा बाकी कलाकारों ने भी अपने-अपने किरदार को पूरी शिद्दत से निभाया है। हर किरदार का अभिनय इतना प्रभावशाली है कि वो कहानी में जीवंत लगते हैं। तुम्बाड' का म्यूज़िक और साउंड डिज़ाइन फिल्म का धड़कता हुआ दिल है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर और साउंड डिज़ाइन इतना प्रभावशाली है कि इस स्पेस में बनने वाली कई फिल्मों के लिए बखूबी रिफरेन्स के काम आ सकती है। फ़िल्म में अजय-अतुल का शानदार म्यूजिक कहानी को और मज़बूत बनाता है और हर सीन को बेहद इंटेंस और डरावना बनाता है। एक-एक साउंड इफेक्ट में इतनी बारीकी है कि यह दर्शकों को कहानी के भीतर खींच लेता है। फ़िल्म में गाना बेशक एक ही है लेकिन वो कहानी को और गहराई देता है। इस इकलौते गीत के बेहद सार्थक गीतकार हैं राज शेखर। तुम्बाड' में म्यूज़िक का उद्देश्य मनोरंजन से अधिक कहानी के मूड को बढ़ाना है। अच्छी फ़िल्मों को फिर से थिएटर में रिलीज़ करने के ट्रेंड को दर्शक खुले दिल से अपना रहे हैं। तुम्बाड' जैसी मास्टरपीस को बड़े पर्दे पर देखने का अनुभव घर में देखने से एकदम अलग है। ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखकर लगता है कि अच्छी फ़िल्मों की कद्र अभी भी बाकी है, और तुम्बाड' जैसी फिल्मों का आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। साथ ही दर्शकों का रिस्पांस उस विवाद को भी विराम देता है ।

# सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति ही हमारा ध्येय

प्रद्युम्न सिंह तोमर




प्रदेश के हर बिजली उपभोक्ता को सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति ही हमारी सरकार का ध्येय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में हमारा विभाग लगातार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रहा है। इसी का परिणाम है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग अव्वल है देश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक 28627 मिलि ?यन यूनिट विद्युत उत्पादन कर नया रिकार्ड बनाया गया है। यह पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास का सर्वाधि ?क ताप विद्युत उत्पादन है। ताप विद्युत गृहों द्वारा विभिन्न मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। ताप विद्युत गृहों का इस दौरान प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 60.3 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2019-20 के पश्चात् सर्वाधिक है। वित्तीय वर्ष 23-24 के दौरान 13 थर्मल इकाइयों ने लगातार 100 दिनों एवं अधिक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया, जिनमें से दो इकाइयों ने 200 दिनों से अधिक समय तक विद्युत उत्पादन किया। राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग-अलग रहते हैं, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदेश में बिजली अधोसंरचना का लगातार विकास हो रहा है। वर्तमान में 33 के. वी. लाइंस 61 हजार 162 किलोमीटर हो गई है। 33 के.वी. लाइंस वर्ष 2003 में 29 हजार 70 किलोमीटर, वर्ष 2008 में 33 हजार 913 , वर्ष 2011 में 38 हजार 867, वर्ष 2013 में 41 हजार 528, वर्ष 2014 में 43 हजार 910 और वर्ष 2024 में 61 हजार 162 किलोमीटर हो गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च 2024 तक 3165 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन का विस्तार किया गया है। यह क्रम लगातार जारी है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट को लगातार 300 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यह विद्युत यूनिट की स्थापना के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसी तरह श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (एसएसटीपीपी खंडवा) के अभियंताओं व कार्मिकों ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए 660 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट नंबर 3 को 200 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये अधोसंरचना निर्माण के उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। ट्रांसमिशन व्यवस्था मजबूत करने के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 में 14 अति उच्चदाब उप केन्द्रों की स्थापना की गई है। साथ ही 26 अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किये गये हैं। कुल 818.170 सर्किट किलोमीटर अति उच्चदाब लाइन का निर्माण भी किया गया है। यही नहीं 25 अतिरिक्त अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं 40 अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कर अति उच्चदाब उप केन्द्रों की क्षमता में 4630 एमव्हीए की वृद्धि भी की गई है। किसानों को शीघ्र स्थायी सिंचाई पंप कनेक्शन दिये जाने के उद्देश्य से स्वयं का ट्रांसफार्मर लगाये जाने की योजना लागू की गई है। योजना में किसान स्वयं अथवा समूह में निर्धारित मापदंड के अनुसार ट्रांसफार्मर स्थापित कर सकते हैं। योजना में वर्ष 2023-24 में एक लाख 30 हजार 303 ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा चुके हैं। ऊर्जा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना अटल गृह ज्योति योजना में एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को और 26 लाख 59 हजार उपभोक्ताओं को अटल कृषि ज्योति योजना में लाभान्वित किया जा रहा है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रदेश के ऐसे सभी घरेलू उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनकी मासिक खपत 150 यूनिट तक है। अटल कृषि ज्योति योजना में 10 हार्स पॉवर तक के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को 750 रूपये प्रति हार्स पॉवर प्रतिवर्ष एवं 10 हार्स पॉवर से अधिक के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को 1500 रूपये प्रति हार्स पॉवर प्रतिवर्ष की फ्लेट दर से बिजली दी जा रही है।

# गुरु के दर्शन से आत्मा को शांति मिलती है और अमंगल कार्य भी मंगल हो जात हैं : मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी महाराज



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** जयदु जिणिंदो महावीरों। चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य श्रमण मुनी श्री अनुत्तर सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनी श्री प्रणव सागर जी, श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी और श्रमण मुनी श्री सदभाव सागर जी महाराज जी का उपसंघ मालगाव (महाराष्ट्र) में विराजमान हैं। गुरू की भक्ती करणे से क्या मिलता है यह विचित्र बाते प्रणेता मुनी श्री सर्वार्थ सागरजी ने अपने प्रवचन में बताया कि गुरू के दर्शन से पाप नष्ट हो जाते हैं। गुरू के दर्शन से भ्रम नष्ट हो जाते हैं। गुरू के दर्शन से आत्मा को शांति मिलती हैं। गुरू के दर्शन से यशकीर्ती मिलती हैं। गुरू के दर्शन से पुण्य प्राप्त होता हैं। गुरू के दर्शन से अमंगल कार्य भी मंगल हो जात हैं। गुरू के दर्शन से स्वर्ग की प्राप्ती होती हैं।

आचार्य विशुद्धसागर जी गुरुदेव संग मुनीराजोंको जानीए परम पूज्य सर्वार्थ सागरजी मुनीराज के मुखारविंद से- धरती के ऐसे देवता जो तन से विशुद्ध, मन से विशुद्ध, चर्या से विशुद्ध और चर्चा से विशुद्ध ऐसे वितराग आचार्य भगवन विशुद्ध सागरजी महाराज है। जो सुव्रत के धारी है, ऐसे ये मुनी सुव्रत सागर जी है। जिनकी देशना सुनकर के सारे प्रश्नोका समाधान हो जाता है वो अनुत्तर सागरजी मुनीराज है। जिनके अंदर नेक की नेक भरा है ऐसे ये प्रणेय है। जिनको देखकर के स्वत: सिद्धी हो जाती है ऐसे ये सर्वार्थ है। जिनकी मुद्रा देखकर के आप स्वयं देखे ये साम्य मुद्रा के धनी है।

बंधूओ ये दृढ संकल्पी है, इन्होने दृढ संकल्प के साथ पुरे विश्व में जैनध्वज को फैराया है इसलिए ये संकल्प है। जिनकी युवा मुद्रा को देखकर के इनके चेहरे में सौम्यता झलकती है इसलिए ये सौम्य है। जिनके कंठ में सरस्वती विद्यमान है ऐसे ये सारस्वत है।

बंधूओ जिन्होने कषाय भावों को जीत लिया है इसलिए ये संजयंत है। जो सदभावों का संदेश फैला रहे है ऐसे ये सद्भाव है। जिनकी यश चहूँ और फैल रही है ऐसे ये यशोधर है। जो निरंतर मुक्तीपथ के लिए यत्न कर रहे है ऐसे ये यत्न है। जो स्वयं निर्ग्रंथ मुद्रा में विराजमान है और जिन्होने 200 ग्रंथो से अधिक ग्रंथो का सृजन किया है ऐसे ये निर्ग्रंथ है। जिनके अंदर किंचित भी मोह नहीं है ऐसे ये निर्मोह है। जो शंका से रहित है ऐसे ये निशंक है।

जिनके अंदर किंचित भी विकल्प नहीं है ऐसे ये निर्विकल्प है। जिन्होने इंद्रीयोंको जीत लिया है ऐसे ये जितेंद्र है। जो नमोस्तु शासन की ध्वजा को फैला रहे है ऐसे ये जयंत हैं। जीनका ज्ञान निर्मल हैं ऐसे ये सुभग है। जो सिद्ध की प्राप्ती के लिए पुरुषार्थ कर रहे है ऐसे ये सिद्ध है।

जो स्वत: मंगलमयी है ऐसे ये सिद्धार्थ है। जो हमेशा मुस्कुराते रहते है ऐसे ये सहर्ष है। जो सत्यार्थ का बोध करा रहे है ऐसे ये सत्यार्थ है। बंधुओ जो सार्थक पर आधीत है ऐसे ये सार्थक है। जो सार्थ पथ के पथक है वो ऐसे सार्थ है। जिनका सम्यग्दर्शन पवित्र है ऐसे ये समकित है। जो सम्यक पथ पर चल रहे है और हम सब को सम्यक पथ पर चला रहे है ऐसे ये सम्यक है। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# मन की मलीनता को दूर करने के लिये भगवान की भक्ती से श्रेष्ठ दूसरा कोई साधन नहीं : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**इंदौ ( विश्व परिवार )।** मन की मलीनता को दूर करने के लिये भगवान की भक्ती से श्रेष्ठ दूसरा कोई साधन नहीं। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने इंदौर के विजयनगर स्थित विजनिस पार्क में संस्कृत भाषा में चल रहे 108 मंडलीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के विशाल पांडाल में छंटवे दिवस प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा भगवान की आराधना जीवन की श्रेष्ठतम आराधना है, भक्ती वह क्रिया है जो हमारे हृदय के भावों को विशिष्ट बनाकर हमारी आत्मा को पवित्र बना देती है।अपने मन की मलीनता को दूर करने के लिये भक्ती से श्रेष्ठ और कोई दूसरा साधन नहीं है उन्होंने कहा कि शरीर का मल दूर करने के लिये तो हम सावुन लगाकर जल से शरीर का प्रछालन करते है, लेकिन-मन की मलीनता को दूर करने के लिये भगवान की भक्ती ही हमारे पास एक मात्र सहारा है, अभीआप लोग भक्ती की अथाह गंगा में अवगाहित हो रहे है। मुनि श्री ने कहा कि गंगा में स्नान करने से पाप धुल जाता है, यह तो मुझे पता नहीं लेकिन इतना जरुर है, कि भगवान आपका दोष रहित स्तवन तो बहूत दूर की बात है आपका मात्र नाम स्मरण ही हम सभी के पापों को नष्ट कर देता है।सूरज तो बहूत दूर की बात है उसकी किरणें ही अंधेरे को दूर कर देती है, यह हम सभी का सौभाग्य है कि भगवान के नाम स्मरण करने का सामुहिक अवसर मिल रहा है, अपने अंदर गाढ़ श्रद्धान रखें और यह मानकर चलें कि हमारे द्वारा बोला गया एक एक मंत्र हमारी आत्मा में लगे असंख्य कर्म पुंजों का क्षय करेगा मुनि श्री ने जैन ग्रंथ धवला का उदाहरण देते हुये कहा कि उसमें लिखा है कि जिनेन्द्र भगवान का दर्शन पूजन अभिषेक करने से बहु कर्म प्रदेशों की निर्जरा होती है, इस समय आपका तीव्र पुण्योदय चल रहा है जो आप सभी को दर्शन पूजन बंदन, और मनन, करने का सौभाग्य मिल रहा है, इसलिये इस अनुपम अवसर का पूरा लाभ उठाइये। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया सूर्योदय के साथ ही प्रात: एक साथ 108 जिन प्रतिमाओं का अभिषेक के साथ मुनि श्री के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई, विधानाचार्य अशोक भैया एवं अभय भैया के साथ संगीतकार की स्वर लहरियों के साथ नित्यनियम, नंदीश्वर दीप पूजन के पश्चात मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज एवं मुनि श्री संघान सागर महाराज ने सिद्धभक्ती की। मुनि श्री ने कहा कि मन वचन एवं शरीर की विशुद्धी के लिये ही यह सिद्धचक्र विधान किया जा रहा है, जिससे हमारे अंदर केअष्ठ कर्म का क्षय हो तथा क्रोध मान माया लोभ, चारों प्रकार की कषाय निकल जाऐ और हम सभी मुक्त दशा को प्राप्त हों। मुनि श्री के मुखारविंद से जब मंत्रोच्चारण होता था तो पांडाल में उपस्थित सभी भक्त झूम उठते थे।आज के विधान में 256 मंत्रों के साथ प्रत्येक मंत्र को नौ- नौ बार मुनि श्री ने अपने मुखारविंद से बोला और अर्घ समर्पित किये। मीडिया प्रभारी राहुल जैन एवं प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आज की इस महापूजा में मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं स्थानीय विधायक रमेश मेंदोला सहित पार्षद एवं साथीओं ने पारंपरिक भूषा में भगवान की बंदना की एवं मुनिसंघ से आशीर्वाद लिया इस अवसर पर धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक रानी डोसी, कार्यक्रम अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन सिन्केम पांचों भोजनशाला के पुण्यार्जक गिरीश गौतम जैन गिन्नी परिवार, महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंद गोधा महामंत्री हर्ष जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। सांयकाल महा आरती का सौभाग्य आकाश जैन कोयला परिवार इंदौर को मिला। **-अविनाश जैन**

# पंचाह्निका महोत्सव के अंतिम दिन हुई संयम उपकरणों की वंदना



## मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. के संयम रजत वर्ष के निमित्त हुआ आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर के आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के पांचवे अंतिम दिन श्री संयम उपकरणों की आराधना की गई। यह आयोजन रायपुर पुत्र रत्न तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा.के संयम रजत वर्ष के निमित्त हुआ। इस अवसर संयम उपकरणों एवं ज्ञान साहित्यों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। समाज के सभी श्रावक- श्राविकाओं ने अवलोकन कर इनके महत्व को जाना।

इस पावन मौके पर मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने संयम उपकरणों की महत्ता को बताया। मुनिश्री ने कहा कि दीक्षा के समय मुमुक्षु को संयम जीवन के सारे उपकरण दिया जाता है। दीक्षा के समय रजोहरण जरूर दिया जाता है लेकिन एक रजोहरण मिल जाने से दीक्षा के सारे उपकरण नहीं मिलते। रजोहरण के साथ सभी उपकरणों को प्रदान किया जाता है। संयम जीवन के सारे उपकरण मुमुक्षु को प्रदान किए जाते हैं। सभी का बड़ा महत्व है।

मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि आज संयम के उपकरणों को हम वंदना कर रहे हैं। आज सभी की नजर के समक्ष संयम के एक-एक उपकरण हैं। इन उपकरणों का महत्व न केवल साधु के लिए बल्कि समस्त श्रावकों के लिए भी है। प्रत्येक श्रावक भी साधु जीवन का उम्मीदवार है। यदि साधु जीवन का उम्मीदवार बने रहना है तो उपकरणों का सत्संग भी जरूरी है। गुरु का सत्संग, साहित्य का सत्संग,इसी तरह से उपकरणों का सत्संग भी करना जरूरी है। उपकरण ही आपको याद दिलाएंगे कि मैं साधु जीवन का उम्मीदवार हूं। मुनिश्री ने कहा कि प्रत्येक श्रावक के घर में एक रजोहरण होना ही चाहिए। रजोहरण ही श्रावक को हमेशा लक्ष्य याद दिलाएगा कि इसे एक दिन मुझे लेना ही है, इसके बिना तीर्थंकरों का भी उद्धार नहीं हुआ। ऐसे अनेक उपकरण आंख में आएंगे तब वह आपको याद दिलाएंगे।

# चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज संघ के बढ़ते कदम श्रवणबेलगोल की ओर...

**नांदणी ( विश्व परिवार )।** सोमवार को मूसानूर मठ, तुप्पडकुरहट्टी (कर्नाटक) से चर्या शिरोमणी, आध्यात्मयोगी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज संघ के कदम श्रवणबेलगोल की ओर बढ़ रहे हैं। चर्या शिरोमणी आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज संसघ मंगल विहार नांदणी से श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) के लिए चल रहा है।

जैन धर्म के पहले तीर्थंकर ऋषभदेव के सौ पुत्रों में दो पुत्र थे- भरत और बाहुबली। अपने बड़े भाई भरत को पराजित कर राजसत्ता का उपभोग बाहुबली कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और सारा राजपाठ छोड़कर वे तपस्या करने लगे। भगवान बाहुबली ने इंसान के आध्यात्मिक उत्थान और मानसिक शांति के लिए चार बातें बताई थीं- अहिंसा से सुख, त्याग से शांति, मैत्री से प्रगति और ध्यान से सिद्धि की प्राप्ती होती है। कर्नाटक राज्य के हासन जिले में श्रवणबेलगोला स्थित है।

श्रावणाबेलगोला (कर्नाटक) यह प्राचीन जैन तीर्थस्थल है बेंगलुरु शहर से लगभग 150 किमी दूर है। वहीं मैसूर से यह 80 किमी की दूरी पर है। श्रवण बेलगोला, एक अत्यंत ही अद्भुत स्थान हैं, जहां पहुंचने पर मनुष्य को एक अनोखी ही शांति का अनुभव होता है। यहां लगभग पूरे विश्व से लोग आते हैं।




संभवता 25/11/2024 की शाम को या 26/11/2024 की सुबह आचार्य श्री विशुद्धसागर जी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र गोम्मटेश बाहुबली श्रवणबेलगोला जी (कर्नाटक) मे होगा। श्री चामुंडाराये करवियले, श्री गंगाराये सुत्ताले करवियले। यह मराठी भाषा हैं अर्थात इस मूर्ती का निर्माण चामुंडराय ने करवाया हैं और इसके चारो तरफ की प्रदिक्षणा गंगराज ने बनवाई हैं। यह मूर्ति मध्यकालीन कर्नाटक की शिल्पकला का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यह पूरे विश्व में एक पत्थर से निर्मित सबसे विशालकाय मूर्ति है। यह तो हम सभी को पता है कि महामस्तकाभिषेक का आयोजन हर 12 साल पर होता है। परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज को कर्नाटक सरकार से कर्नाटक प्रवास तक राज्यकीय अतिथि घोषित किया गया। आगामी भव्य पंचकल्याणक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैनरगुत्ती, हासन (कर्नाटक) 28 नबम्बर 2024 से 4 दिसम्बर 2024 तक हैं।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

# वैरागी जीवों की अनुमोदना एक दिन बना देगी वीतरागी : भावालिंगी संत आचार्यश्री विमर्शसागर जी महाराज

## जैन रेजीमेन्ट परेड एवं जिनागम पंथ के ध्वजारोहण के साथ राजधानी दिल्ली में हुआ भगवती जिनदीक्षा का महा शंखनाद



**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** 12 नवम्बर, मंगलवार की प्रात: बेला में ही राजधानी दिल्ली की गली-गली से निकलते सुसज्जित भेषभूषा में श्रावक-श्राविकाओं को देखकर लग रहा था मानो तीर्थकर भगवान के जन्म कल्याणक में देव-देवियाँ ही उपस्थित हो रहे हों। राजधानी की सबसे वृहद जैन समाज यमुनापार की सुविशाल उपस्थिति में चातुर्मास स्थल कृष्णानगर से विशाल रेजीमेन्ट परेड एवं वृहद शोभायात्रा के साथ पूज्य आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ससंघ एवं सभी दीक्षार्थी गण उपस्थित रहे, शोभायात्रा के अंत में 16 वें तीर्थकर श्री शान्तिनाथ भगवान का विशाल दिव्य रथ समवशरण विहार की भाँति राजधानी के मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ श्री जिनतीर्थ मण्डप सीबीडी ग्राउण्ड में पहुंचा।

आयोजन भगवती जिनदीक्षा महोत्सव का ध्वजारोहण स्थल पर श्री गजराज जी जैन गंगवाल श्री ज बुप्रसाद जैन गाजियाबाद एवं श्री शैलेष जी विनीत जी, अमित जैन होजरी परिवार के कर कमलों द्वारा हुआ। रेजीमेन्ट परेड के सुसज्जित सदस्य आकर्षण के केन्द्र बने। श्री जितेन्द्र जैन नरपतिया जी के द्वारा श्री जिनतीर्थ मण्डपम् का उद्घाटन किया गया। आयोजन के आरंभ में श्री गजराज जैन, श्री पवन जैन गोधा एवं विजय जैन द्वारा चित्र अनावस्य एवं मंगल दीप प्रज्वलित किया गया। श्री गणधर वलय विधान के आरंभ में श्री जी की शांतिधारा सौधर्म इन्द्र परिवार द्वारा एवं पूज्य आचार्य श्री का मंगल पाद प्रक्षालन समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य जनों द्वारा किया गया एवं माँ जिनवाणी शास्त्र भेंट कनक श्री टेन्ट हाउस द्वारा किया गया।

दोपहर 03: 00 बजे से वैराग्य हल्दी रस्म एवं संध्या बेला मैं गुरु भक्ति के बाद मेहंदी रस्म रखी गयी। प्रसिद्ध भजन गायक श्री रूपेश जैन मु बई द्वारा दीक्षार्थियों के समक्ष वैरागी वंदन भजनसंध्या आयोजन रखा गया।

परम पूज्य आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने विशाल धर्मसभा को स बोधित करते हुए कहा - अमृत वर्षा के दिन प्रारंभ हो चुके हैं। आज से यह अमृत वर्षा निरंतर बढ़ती जाएगी। आज यह भूमि भी तीर्थ भूमि बन गयी है क्योंकि जहाँ देव-शास्त्र-गुरु विराजमान हो जाते हैं। वही भूमि तीर्थभूमि हो जाती है। इस जिनतीर्थ मण्डपम् के लिए बढ़ता हुआ आपका एक-एक कदम विशिष्ट कर्म निर्जरा का साहान बनेगा।

आयोजन के मध्य में पवन जैन गोथा ने स पूर्ण भारत वर्षीय जैन समाज का आहवान करते हुए कहा - आज तक हमने एक साथ 13 दीक्षायें नहीं देखी है। पूज्य आचार्यश्री विमर्शसागर जी महामुनिराज का ही महान उपकार है जो हमें एक साथ इन दीक्षार्थियों की अनुमोदना करनेका सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। में आहवान करता हूँ कि भारत वर्ष का कोई भी परिवार इन दीक्षाओं के देखने से वंचित नहीं रहना चाहिए। **-नरेन्द्र जैन**

# कलेक्टर व्यास ने क्रिकेट का बल्ला चलाकर महारानी क्रिकेट क्लब के टर्फ विकेट का किया उद्घाटन

## कोच संतोष कुमार के साथ खिलाड़ियों ने मिलकर टर्फ विकेट किया तैयार, अब टर्फ विकेट पर खेलेंगी छात्राएं



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** जिला मुख्यालय से नजदीक ग्राम इचकेला में रविवार कों नए कलेक्टर रोहित व्यास ने बल्ला चलाकर महारानी क्रिकेट क्लब की टर्फ विकेट का उदघाटन किया. इस दौरान कलेक्टर व्यास ने भावी क्रिकेटरों के खेलने कि तारीफ कर शबासिया दी. उन्होंने कहा जिले कि इचकेला हॉस्टल में रहने वाली छात्राएं और पंडरी बाई कि बेटियां क्रिकेट में जशपुर जिले समेत प्रदेश कों गौरांवित कर रहीं हैं.उनमें काफी प्रतिभा हैं उनको खेल में किसी प्रकार कि कमी होने नहीं दिया जाएगा. भावी क्रिकेटर आभावों में क्रिकेट खेल रहें जल्द उन्हें प्रशासन द्वारा खेल सामग्री मुहिया कराया जाएगा. यह सुनकर महारानी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ीयों ने प्रसन्नता जाहिर कि और तालियों से कलेक्टर का आभार व्यक्त किया. कोच संतोष कुमार ने कहा कि बच्चों को प्रेक्टिस मैच खेलने के लिए पत्थलगांव जाना पड़ता हैं . इस दौरान उन्हें काफी परेशानी झेलना पड़ता था. अब उनकी सुविधाओं कों ध्यान रखते हुए टर्फ विकेट का निर्माण कराया गया हैं. टर्फ विकेट की ओपनिंग के दौरान खेल अधिकारी दुर्गेश्वरी माईम, शशिकला मिंज (अध्यक्ष जनपद पंचायत मनोरा, )सावित्री सिंह (बी.डी.सी.), सतीश मिंज (मंडल) महामंत्री मनोरा समेत अन्य मौजूद रहें.

**नेशनल टीम के लिए हुई चयनित :** कोच संतोष कुमार पिछले तीन साल से सभी बच्चों को इचकेला के मैदान पर क्रिकेट की ट्रेनिंग दे रहे हैं. वह उभरते हुए नवोदित क्रिकेटरों कों बारिकियां समझाकर उनमें दम भर रहें. उन्हें सकारात्मक विचार के साथ बेहतर क्रिकेट खेलने के लिए हौसला अफ़जाई कर रहें हैं. ज्ञात हो कि कोच संतोष कुमार ने तीन साल के भीतर सक्सेस रिजल्ट दिया हैं.उनके निरंतर प्रयास से अभी तक 2 बच्चे अंडर 19 में और 4 बच्चे अंडर 15 में बीसीसीआई ट्रॉफी छत्तीसगढ़ की तरफ से खेलने के लिए चयनित हुए .इसके साथ स्कूल स्टेट गेम में इचकेला से 11 अंडर 19 में और 7 अंडर 17 में सेलेक्ट होकर जिले समेत प्रदेश का नाम रोशन किया. उन्होंने बेहरीन क्रिकेट कि पारी खेल कर सरगुजा सम्भाग को सिल्वर मेडल दिलाए हैं. जिसमें 3 बच्चे नेशनल टीम में सेलेक्ट हुए जिनका नाम वर्षा बाई, झूमुर तिर्की या एनजिल लकड़ा है. आकांक्षा रानी अंडर 19 टीम में छत्तीसगढ़ की तरफ से बीसीसीआई टी20 ट्रॉफी खेलकर आई. वह छत्तीसगढ़ की तरफ से सबसे ज्यादा स्कोर करने वाली खिलाड़ी बनी.

**कड़ी मेहनत कर रहें भावी क्रिकेटर :** कोच संतोष कुमार इचकेला के भावी क्रिकेटरों कों मंजिल तक पहुंचने के लिए सुबह शाम घरेलु पिच पर खिलाड़ियों के साथ खुद भी मेहनत कर रहें हैं. उनके रोजाना अभ्यास से खेल में सुधार आ रहा हैं. खिलाड़ियों और कोच कि कड़ी मेहनत रंग ला रहीं हैं. कोच विभिन्न जगहों में आयोजित होने वाले क्रिकेट में भी उनको शामिल कर रहें हैं .बता दे कि संतोष कुमार बरटोली के रहने वाले हैं. उनके मार्गदर्शन और इचकेला कि छात्रवास अधीक्षक पंडरी बाई और उनके पति शंकर सोनी के सहयोग से भावी क्रिकेटर तैयार हो रहें हैं. कोच संतोष ने बताया टर्फ विकेट जिले में पत्थलगांव के आलावा जशपुर इचकेला के पिच में बनाया गया हैं. टर्फ विकेट पर क्रिकेट खेलने से खिलाड़ियों कों अच्छा लाभ मिलेगा.

# कर्तव्य पर लापरवाही के कारण वन क्षेत्र पाल से मांगा स्पष्टीकरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक द्वारा कोरिया वनमण्डल बैकुण्ठपुर के परिक्षेत्राधिकारी सोनहत के वन क्षेत्रपाल श्री विनय कुमार सिंह से क्षेत्र में टाईगर मृत्यु के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर ने बताया कि वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुन्ठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के बीट गरनई, कक्ष कमांक पी 196 वनभूमि कुदरी में खनखोपड़ नाला के किनारे 01 टाईगर मृत्यु (उम्र लगभग 4-5 वर्ष) की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुन्ठपुर और संचालक गुरु घासीदास रा. उद्यान बैकुन्ठपुर के साथ मौके पर पहुंचीं। 01 नर टाईगर खनखोपड नाला के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। पोस्ट मार्टम के दौरान पशुचिकित्सक के द्वारा प्राथमिक जांच में शव 4-5 दिन पुराना होना बताया गया है। उक्त टीम के अभिमत अनुसार बाघ की मृत्यु का कारण जहरखुरानी संभावित है।

# अभिप्रेरणा शिविर में ब्रह्माकुमारी संस्था और गायत्री परिवार के सदस्यों ने शिक्षकों को किया अभिप्रेरित

## डाइट प्राचार्य एमजेड्यू सिद्दीकी ने भी लिया सत्र

## माता-पिता और बच्चों के साथ समाज की उम्मीदों को अपने अच्छे कार्यों से करें पूरा : प्राचार्य सिद्दीकी




**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर जिला पंचायत संसाधन केंद्र डोडकाचौरा में आवश्यकता आधारित शिक्षकों का 10 दिवसीय आवासीय अभिप्रेरणा शिविर चल रहा है। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में प्रात: 7:30 से रात्रि 10 बजे तक विभिन्न सत्रों का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ सत्रों के साथ योग, ध्यान प्राणायाम के कार्यक्रम भी शामिल हैं। आज 12 नवंबर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य एमज़ेडयू सिद्दीकी शिविर स्थल प्रतिभागियों को प्रेरणा देने के लिए पहुंचे। आदर्श विद्यालय के संचालन के लिए किए जाने वाले कार्यों और आचार-व्यवहार पर प्रतिभागियों से उन्होंने बात की।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययन करने वाले बच्चों के बेहतर भविष्य गढ़ने के साथ एक शिक्षक की पुत्र, पिता, पति और भाई के रूप में भी भूमिका होती है। परिवार के सदस्यों की कई उम्मीदें भी इन विभिन्न रूपों के लिए होती है। जिस पर खरा उतरने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए परित्याग और अच्छे कार्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। अच्छा व्यक्तित्व परिवार के साथ समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है।

सोमवार को पत्थलगांव से शिविर में आए गायत्री परिवार के सदस्य दौलत राम चौहान और उनकी टीम ने शिक्षकों को अच्छी जीवन शैली, व्यसनों से दूर होने के उपाय बताएं। आयोजित सत्रों में ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्यों वंदना और संगीता बहनजी ने भी शिक्षकों को अच्छी जीवन शैली के विषय में बताया। कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय, व्याख्याता चंद्रमणि यादव, शिक्षक राजेश लक्ष्मे, ओपन लिंक फाउंडेशन के सोमनाथ साहू, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से जय चौहान, प्रवीण साहू भी उपस्थित हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंघनपुर में दो ट्रकों की टक्कर से हुआ भीषण हादसा

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के एनएच 30 पर सिंगनपुर के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. हाईवे पर 2 ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई. दोनों ट्रकों की भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि दोनों ट्रकों के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना मिलने पर केशकाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक में बुरी तरह घायल स्थिति में फंसे ड्राईवर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल भेजा गया. वहीं दूसरा ट्रक ड्राईवर सुरक्षित बताय जा रहा है. जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर ईमली भरकर केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर स्थित मेमन फ्यूल्स के पास जा रहा था. इस दौरान दूसरी ट्रक भी तेज रफ्तार से आकर ट्रक में जा भिड़ी. इस घटना में एक एक ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हालत में ट्रक के अंदर करीब डेढ़ घंटे तक फंसा रहा।

### मुरका गांव में हाथी का शव मिलने से मचा हड़कंप

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के मुरका गांव के जंगल में एक हाथी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. वन विभाग की टीम ने कल ही इस हाथी को ट्रेस किया था, लेकिन आज उसका शव जंगल में पाया गया. हाथी की मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है और वन अमला मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गया है. यह घटना बलरामपुर वन परिक्षेत्र के मानिकपुर सर्किल का है.

### ट्रक से हो रहा था अवैध धान का परिवहन, टीम ने दबोचा

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के धनवार बॉर्डर स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर कृषि और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है. विभागीय अधिकारियों ने जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे एक ट्रक को 730 बोरी अवैध धान के साथ पकड़ा है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन कर रहे थे. खाद्य विभाग की टीम ने धान को जब्त कर ट्रक को सीज कर दिया है. एसडीएम चेतन साहू ने इसकी पुष्टी की है। बता दें, प्रदेश में 14 नवंबर से धान की सरकारी खरीदी प्रक्रिया शुरू होने वाली है, इससे पहले प्रशासन राज्य में अवैध धान के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. कलेक्टर ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं.

### पोटाश बम की चपेट में आकर एक शिशु हाथी घायल

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां हाथी का एक बच्चा पोटाश बम से घायल हो गया। यह बम आमतौर पर जंगली सूअरों के शिकार के लिए उपयोग किया जाता है। घटना के बाद वन विभाग ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। थर्मल ड्रोन और विशेषज्ञों की मदद से घायल हाथी की तलाश जारी है, ताकि उसे समय पर इलाज मिल सके और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। 7 नवंबर को सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में हाथी के घायल होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश बघेल को सुबह जंगल में खून के धब्बे दिखाई दिए। इस बाद उन्होंने एंटी पोचिंग टीम एवं उपनिदेशक वरुण जैन को सूचना दी। वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### यातायात पुलिस ने गैरेज के बाहर खड़े वाहनों को हटाकर किया यातायात व्यवस्थित

**धमतरी(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं यातायात स्टॉफद्वारा सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने, सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए पैदल पेट्रोलिंग कर गैरेज संचालकों को समझाईश दी गई। रत्नाबांधा चौक से अंबेडकर चौक तक स्थित गैरेज के संचालकों द्वारा गैरेज में आने वाले वाहन को मार्ग में खड़े कर देने से मार्ग बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जिसे देखते हुए पैदल पेट्रोलिंग कर गैरेज संचालकों को समझाईश दिया गया, कि अपने वाहनों को गैरेज के अंदर रखे, गैरेज के बाहर रोड किनारे वाहन खड़े नही करने निर्देशित किया गया। साथ ही नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर भी कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस गैरेज संचालकों को निर्देशित करता है, कि आपके गैरेज में मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों की मरम्मत गैरेज के अंदर करें साथ ही मार्ग में खड़े जर्जर वाहनों को मार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखें।

# भोपालपटनम और उसूर मे ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य आयोजन

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग के युवाओं के प्रतिभा को निखारते बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। बीजापुर जिले के माओवाद प्रभावित सुदूर क्षेत्रों में भी बस्तर ओलंपिक को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ब्लाक स्तरीय बस्तर ओलंपिक आयोजन भोपालपटनम एवं उसूर ब्लॉक में आज शुभारंभ हुआ। भोपालपटनम के ब्लॉक स्तरीय आयोजन का कलेक्टर संबित मिश्रा ने विधिवत शुभारंभ किया, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद बंसत राव ताटी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कलेक्टर मिश्रा ने ध्वजारोहण पश्चात समस्त खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षको को निष्पक्ष, पारदर्शिता



एवं खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात् कलेक्टर ने बालक-बालिका के 100 मीटर लंबी दौड़ को हरी झंडी दिखाया। खेल भावना के साथ स्वस्थ मन से अपनी पूरी क्षमता का बेहतर ढंग से प्रदर्शन कर जीत के लिए खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए बस्तर ओलंपिक के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने सेल्फीजोन में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सेल्फी ली। भोपालपटनम एवं उसूर ब्लॉक में सैकड़ो की संख्या में अंदरुनी एंव माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के खिलाड़ियों में बस्तर ओलंपिक नया जोश और उत्साह का संचार देखने को मिला उसूर ब्लॉक के मारुड़बाका, पामेड़, धरमावरम, पुजारी कांकेर, गलगम, पुतकेल जैसे गांवो के युवाओं ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन के संबंध में अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते नजर आए। धरमारम के युवा कबड्डी और व्हालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने आए हुए है उन्होंने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल में अंदरुनी क्षेत्रो में विकास की बयार बह रही है। पामेड़ क्षेत्र में सड़क पुल-पुलियो के विकास तेजी से हो रही। बिजली, पानी, कनेक्टिविटी मोबाईल टॉवर जैसे विकासमूलक कार्यो में अंदरुनी क्षेत्रों के युवा वर्ग मुख्यधारा की ओर अग्रसर हो रहे है। और बाहर निकलकर अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए आशान्वित हो रहे है। इस तरह के आयोजन से युवा एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर बाहर आएगी और बाकि लोग भी प्रोत्साहित होंगे। बस्तर ओलंपिक ग्रामीण युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर और खुला मंच है। जिस पर हम अपनी योग्यता और प्रतिभा को पूरी दुनिया को दिखा सकते है।

### खेतों में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल जंगल में डेरा डाला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। यहां के पसान रेंज में 50 की संख्या में हाथी सक्रिय है। हाथियों का यह दल रविवार को रेंज अंतर्गत तनेरा के जंगल में विचरण कर रहे थे लेकिन रात होते ही मूवमेंट किया और आगे बढकर सुखरीताल नामक गांव पहुंच गया। रात भर खेतों में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल जंगल पहुंचा और वहां डेरा डाल दिया। हाथियों के सुखरीताल पहुंचने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं वहीं सुखरीताल व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। बीएफओ सुरेश यादव ने बताया कि हाथियों का यह दल अभी जंगल में विश्राम कर रहा है। शाम को फिर मूवमेंट होने की संभावना है। इसे देखते हुए विभाग काफी सतर्क हो गया है। हाथियों के उत्पात को रोकने तथा रिहायशी क्षेत्रों में प्रवेश न करने देने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। हालांकि हाथियों ने बीती रात किसानों के खेतों में लगे फसलों को पूरी तरह रौंदकर क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे संबंधितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के क्षेत्र से जाने के बाद नुकसानी का आंकलन किया जाएगा और रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसके आधार पर पीड़ितों को मुआवजा राशि देने का प्रबंध विभाग द्वारा किया जाएगा।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर बिपिन मांझी ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में जैनी नेताम ग्राम डुड़मी द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति के दौरान नियुक्ति नियम का अवहेलना कर ग्राम से बाहर ग्राम सिवनी की निवासी को बिना शादी करें, बिना मतदान सूची ग्राम डुड़मी में जोड़े नियुक्ति आदेश विभागीय मिलीभगत से देने के संबंध में, कु. शांति मुहन्दा ग्राम लंका विकासखण्ड ओरछा द्वारा रोजगार प्रदान करने, सरपंच ग्राम मुरनार द्वारा स्कूल भवन निर्माण हेतु, बंशीलाल कोर्राम एवं अन्य 04 ग्राम बेचा द्वारा ग्राम किहकाड़ से बेचा तक सड़क निर्माण में लगे ट्रेक्टर मशीनों का दुलाई, मुरूम, मिट्टी, लेवल राशि प्रदाय करने, समस्त ग्रामवासी ग्राम कोंगेरा द्वारा ग्राम पंचायत कोंगेरा के



सचिव बेलमती मांझी को हटाने के संबंध में, समस्त पालक ग्राम बेनूर द्वारा छात्राओं के आवास व्यवस्था के संबंध में, सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पालकी बीएसपी गोद ग्राम पंचायत पालकी अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में, समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बागबेड़ा द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय जाने के लिए द्वितीय श्रेणी मिट्टी, मुरूम सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति प्रदान करने, समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पालकी द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र को पुन: पालकी में संचालित करने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी ग्राम मोहन्दी द्वारा धरना में बैठने हेतु अनुमति प्रदान करने, सरपंच एवं अन्य 01, ग्राम पंचायत मढोनार द्वारा ग्राम पंचायत मढोनार में नवीन कार्य स्वीकृत करने, फूलसिंह उइके करेलपारा गोटाजम्हरी द्वारा पुलिस कर्मियों द्वारा अनौचित्यपूर्ण शोषण व मौलिक अधिकारों के हनन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

### मुख्य अतिथि चौतराम अटामी ने राज्योत्सव कार्यक्रम में उद्यानिकी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा जिले में चल रहे राज्य एवं केन्द्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने हेतु छायाचित्र के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही जिले में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पॉम मेगा ड्राईव प्लांटेशन कार्य को प्रमुक्ता से प्रदर्शित करने हेतु ऑयल पॉम पौधा के साथ ताजे फल के गुच्छा को भी प्रदर्शनी में लगाया गया जिससे जिले के किसान एवं अतिथिगण काफी ज्यादा प्रभावित हुए। मुख्य अतिथि श्री चौतराम अटामी विधायक दंतेवाड़ा के माध्यम से पोषण बाड़ी योजनान्तर्गत जिले के हितग्राहियों को फलपौध, सब्जी बीज एवं सब्जी सीडलिंग पौधे का वितरण किया गया। प्रदर्शनी में जिले के उद्यानिकी कृषकों के द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के फलपौध एवं साग-सब्जी जैसे - अमरूद, मौसंबी, टमाटर, बैंगन, भिण्डी, लौकी, तोरई, करेला, कद्दू, मूली एवं कंद वर्गीय फसलें डांगकांदा, जिमीकांदा, अदरक, शक्करकांदा, केऊकांदा आदि प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि श्री चौतराम अटामी, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी श्री धनी राम बारसे, राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दिपीका सोरी, श्री हुंगाराम मरकाम एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ - साथ जिले के किसानों, महिलाओं व स्कूली बच्चों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान श्री हितेश नाग, प्रभारी उद्यान अधीक्षक पावारास सुकमा कमल कुमार गावडे, उद्यान विकास अधिकारी सुकमा श्री नवस तिग्गा, श्री श्यामसिंह बघेल व उत्तम मरकाम उपस्थित थे।

### कलेक्टर जनदर्शन में चार आवेदन प्राप्त

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 04 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के विकासखंड मोहला अंतर्गत ग्राम कोरवा समस्त ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला कोरवा में शिक्षक के कमी को अवगत कराने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रका तहसील खडगांव के ग्राम पुसेवाड़ा निवासी श्री धनसिंह ने वन भूमि का पट्टा प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी प्रकार जिले के अन्य आवेदको ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# जनजातियों के विकास के लिए बेहतर से बेहतर करें कार्य - कलेक्टर

**कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस आयोजन की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 नवम्बर 2024 को जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस आयोजन की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि 15 नवम्बर को जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक आईईसी कैम्पेन आयोजित कर जनजातियों को शत-प्रतिशत शासन की योजनाओं से जोडऩा है। उन्होंने जनजातियों के विकास के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करने कहा। उन्होंने छूटे हुए जनजातीय समुदाय के लोगों को शासन की लोकहितकारी योजनाओं से जोडऩे कहा। चिन्हांकित ग्रामों में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर शासकीय योजनाओं, वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम की जानकारी देने एवं जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण, आय प्रमाण पत्र ग्राम सभा में पारित कर बनाने कहा। उन्होंने गांवों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पात्र हितग्राहियों पेंशन का लाभ देने, श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से जोडऩे कहा। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को छूटे हुए हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनजातियों के बीच बहुत सी प्रतिभाएं होती है, उन्हें एक बड़ा मंच देकर सम्मानित करें। खेलकूद, चित्रकारी, गायन-वादन या परंपरागत तरीके से वैद्य चिकित्सा क्षेत्र में कार्य कर रहे ऐसे जनजाति समुदाय के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित करने कहा। समाज में सकारात्मक भूमिका निभा रहे हो और समाज को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हो। उन्हें बहुत अच्छा मंच देकर उनकी प्रतिभा को बढ़ाने कहा। आश्रम-छात्रावासों के बच्चों का कैरियर कॉउंसलिंग कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने गांवों में शिविर आयोजित कर उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन स्तर पर सुधार करने कहा। श्रम विभाग के अंतर्गत मातृत्व वंदन योजना के तहत शादी के बाद पंजीयन करने कहा। जिससे उन्हें योजना का समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आश्रम-छात्रावासों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

# नवीन उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर सैकड़ों किसानों ने निकाली रैली

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 मे गरियाबंद जिले में समर्थन मूल्य पर ग्राम-कोदोपाली में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने की मांग को लेकर सोमवार दोपहर को सैकड़ो की तादाद में भलेवा अंचल के किसान संघ कोदोपाली संघ ने आवाज बुलंद की,वही सैकड़ो की संख्या में किसानों ने रैली निकाला,रैली गांधी मैदान से तिरंगा चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचा और किसानों ने एसडीएम को आवेदन दिया। किसानों ने बताया आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक-52, पीपरछेड़ी, तहसील एवं जिला-गरियाबंद मुख्यालय से दूरस्थ समस्त ग्राम पंचायत कृषकगण ने विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति भुजिया कमार गोड़ कंवर आदिवासी पिछड़ा वर्ग बाहुल्य पांच ग्राम प ं च ा य त े ं लोहारी,डुमरबाहरा,दांतबायकला,तेन-



दुबाय और मौहाभाठा आश्रित ग्राम दलदली क्षेत्र के किसान संगठित होकर नवीन धान उपार्जन केन्द्र ग्राम कोदोपाली में, खोले जाने हेतु लैम्पस पीपरछेड़ी पं सं 52 के अन्तर्गत तह / जिला गरियाबंद छग से खोले जाने की मांग को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया था।उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ शासन और प्रशासन के द्वारा अब तक की गई पत्राचार विभागीय जांच आवश्यक कार्यवाही पर गहन विचार विमर्श कि गयी तथा उक्त उपार्जन केन्द्र खोले जाने हेतु शासन प्रशासन में लम्बीत प्रकरण पर अफसोस व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से उच्च स्तरीय समिक्षा सक्षम आदेश सही फैसला हेतु आज सोमवार को गांधी मैदान में एकत्रित हुए वही किसानों ने पदयात्रा रैली करते संयुक्त कलेक्टर कार्यालय गरियाबंद में कलेक्टर गरियाबंद द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़,मंत्री खाद्यान्न, सहकारिता प्रभारी छत्तीसगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपकर स्मरण ध्यानाकर्षण करने के लिए आवेदन दिया।

### आवला पेड़ की पूजा फिर सुंदरकांड कर मनाया आवला नवमीं

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** सर्व सोनार समाज परिक्षेत्र गरियाबंद के द्वारा समाज भवन पैरी नगर गरियाबंद में समाज के सभी सदस्यों द्वारा भवन में लगाये हुए आवला पेड़ की पूजा की तत्पश्चात् समाज की महिला सदस्यों द्वारा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।उसके पश्चात सामूहिक भोजन कर समाज भवन में ही पिकनिक का आनंद लिया गया।इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष बोधन सोनी के कहा ऐसी मान्यता है कि नवमी के दिन आवला पेड़ की पूजा की जाती है क्यों की आवला पेड़ में श्री हरि विष्णु जी का वास होता है तथा इस दिन आवला पेड़ की पूजा करना चाहिए,पद्म पुराण के अनुसार, आंवला भगवान विष्णु का प्रतीक माना गया है और इसकी पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।पूजा करने के बाद समाज के सभी सदस्यों ने मिल कर एक साथ भोजन किया।सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी एवं फटाखे भी जलाए उक्त कार्यक्रम में सोनार समाज के सचिव राकेश सोनी,आदित्व्य गुप्ता,सुन्दर सोनी, राकेश सोनी,महेन्द्र सोनी,तामेश्वर सोनी,बसंत सोनी , सुरेश सोनी,ओमप्रकाश सोनी,ज्योति सोनी,वीथी गुप्ता , गायत्री सोनी,मनीषा सोनी,पीहू ,काजल,समृद्धि सदस्य शामिल हुए।

## व्यापार समाचार

## छत्तीसगढ़ी फिल्म संगी रे लहुत के आजा का आज पोस्टर विमोचन किया गया



**रायपुर** ...छत्तीसगढ़ फिल्म के सफल निर्देशक सतीश जैन . मोर छईहा भुइया के संगीत निर्देशक रहे बाबला बागची के निर्देशन में बनी वहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म जिस फिल्म का सबको बेसब्री से इंतजार था संगी रे लहूत के आजा की पोस्टर विमोचन आज किया गया जो की छत्तीसगढ़ी फिल्म के भीष्म पितामह और फिल्म के डायरेक्टर बाबला बागची के गुरु और गॉडफादर श्री सतीश जैन के करकमलों से विमोचन हुआ सतीश जैन प्रोडक्शन ऑफिस भठागांव रायपुर में किया गया पोस्टर विमोचन के इस कार्यक्रम में ,प्रकाश अवस्थी, पुष्पेंद्र सिंह, योगेश अग्रवाल ,पूरन किरी, क्रांति दीक्षित, मयंक रायकर, नितेश झा, सुशांत शर्मा,के उपस्थिति में गरिमामई और शानदार तरीके से संपन्न हुआ। फिल्म 3 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही है सतीश जैन ने बताया कि इस फिल्म में संगीतकार का एक संघर्ष देखने को मिलेगा और इसके गाने भी सुपर डुपर हिट होने वाला है इस फिल्म में सतीश जैन ने भी एक्टिंग की है बबला बागची ने बताया कि ये फिल्म एक संघर्ष की कहानी है जो कि मुंबई से लेकर छत्तीसगढ़ तक की कहानी को दर्शाता है बबला बागची ने कहा कि फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आएगी क्योंकि इस फिल्म में बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा।

## पीडब्ल्यू स्कूल ऑफस्टार्टअप्स ने पहले बैच के बाद आरम्भ 2.0 के लिए आवेदन खोले




**रायपुर।** फिजिक्स वाला की पहल, पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स, ने अपने पहले बैच आरम्भ 1.0 को पूरा किया है, जिसका उद्देश्य भारत भर के नए उद्यमियों को एक साथ लाना है। पहले चरण की समाप्ति के बाद, दूसरा बैच आरम्भ 2.0 के लिए आवेदन खुल चुके हैं, जो 19 नवंबर, 2024 से नोएडा कैंपस में शुरू होने वाला है। पीडब्ल्यू स्कूल ऑफस्टार्टअप्स का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और भारत के भविष्य के उद्यमियों को अपने विचारों को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करना है। पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स नए उद्यमियों को सलाह और वित्तीय संसाधनों के साथ समर्थन करने का प्रयास कर रहा है। यह पांच-दिवसीय रेजिडेंशियल प्रोग्राम ने भारत के विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिनमें बिहार के मोतिहारी से लेकर केरल के कोच्चि तक प्रतिभागी शामिल हैं। आरम्भ 1.0 ने प्रतिभागियों को एक शानदार सीखने का अनुभव प्रदान किया, जिसमें बॉम्बे शेविंग कंपनी के सीईओ शंतनु देशपांडे, IIM और DTU के प्रोफेसर, पी डब्लू के चीफटेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट ऑफिसर, विनीत गोविल और वीपी-प्रोडक्ट, योगेश शुक्ला जैसी इंडस्ट्री से जुड़ी हस्तियों के सत्र शामिल थे। इन मेंटर्स ने स्टार्टअप स्किल्स पर व्यवहारिक जानकारी साझा की, जिसमें यूनिट इकॉनॉमिक्स, MVP (मिनिमम वायबल प्रोडक्ट) डेवलपमेंट, ब्रांड बिल्डिंग और प्रभावी पिचिंग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस प्रोग्राम के दौरान, छात्रों ने स्थानीय प्रभाव उत्पन्न करने के कई अनोखे विचार प्रस्तुत किए। कुछ प्रोजेक्ट्स में पास के ग्राहकों के साथ स्थानीय दुकानदारों को जोड़ने वाला एक प्लेटफॉर्म और किसानों की मदद के लिए ऑर्गेनिक खाद प्रदान करने वाला एक इको-सस्टेनेबल समाधान शामिल था। फिजिक्स वाला के को-फाउंडर, प्रतीक माहेश्वरी ने कहा, आरम्भ 1.0 ने हमें भारत के युवा पीढ़ी में छुपी अपार संभावनाओं को दिखाया। सही मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ, ये नए उद्यमी ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जो न केवल स्थानीय चुनौतियों को हल करेंगे बल्कि वैश्विक स्तर पर भी असर डाल सकते हैं। पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स में, हम इन होनहार प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। आरम्भ 1.0 के बाद, पीडब्ल्यू स्कूल ऑफस्टार्टअप्स आरम्भ 2.0 को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है, जो 19 नवंबर, 2024 से नोएडा कैंपस में शुरू होगा। यह नया प्रोग्राम इस रफ्तार को आगे बढ़ाने का इरादा रखता है, जो पटना, भोपाल, इंदौर, लखनऊ, जयपुर जैसे कई शहरों के अन्य नए उद्यमियों को एक साथ लाएगा।

## भारत के स्टील निर्यात में अक्टूबर में हुई दोहरे अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत का स्टील निर्यात इस साल अक्टूबर में सितंबर के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ा है, जो दिखाता है कि इस सेक्टर के आउटलुक में सुधार हो रहा है। यह जानकारी स्टील मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए डेटा से मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में भारत की ओर से 4.4 मिलियन टन स्टील का निर्यात किया गया है, जो कि सितंबर में 4 मिलियन टन था। आयात में गिरावट आई है जिससे घरेलू स्टील कंपनियों को तीसरी तिमाही में अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में पहली बार इस महीने के दौरान आयात धीमा हो गया क्योंकि सरकार ने वियतनाम जैसे देशों से आने वाले खराब गुणवत्ता वाले स्टील पर प्रतिबंध लगा दिया।

# न्यूजीलैंड से हार का कोई दबाव नहीं, मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया : गंभीर



**मुंबई( एजेंसी )।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से शर्मनाक हार के बाद खुद पर हो रही आलोचना पर कहा कि वह जानते हैं कि भारत के कोच की प्रतिष्ठित भूमिका निभाना बेहद कठिन है और उन्हें नहीं लगता कि उन्हें इसका दबाव महसूस हो रहा है क्योंकि उनका काम पूरी तरह ईमानदार है। 2012 के बाद से घरेलू सरजमीं पर यह भारत की पहली टेस्ट श्रृंखला हार है और इस शताब्दी में घरेलू सरजमीं पर 0-3 से पहली हार भी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम घरेलू मैदान पर विपक्षी न्यूजीलैंड की टीम से बुरी तरह से पराजित हुई और उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोई बदलाव नहीं आएगा। उन्होंने कहा, इससे मेरे और किसी और के जीवन में क्या फर्क पड़ता है? जब मैंने यह काम संभाला, तो मैंने हमेशा सोचा कि यह एक बहुत ही मुश्किल काम होगा और साथ ही एक बहुत ही प्रतिष्ठित काम भी। ईमानदारी से, मुझे नहीं लगता कि मैं दबाव महसूस कर रहा हूं क्योंकि मेरा काम पूरी तरह से ईमानदार होना है। उस ड्रेसिंग रूम में कुछ अविश्वसनीय रूप से कठोर लोग हैं जिन्होंने देश के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हासिल की हैं और देश के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हासिल करना जारी रखेंगे। इसलिए उन्हें और भारत को कोचिंग देना एक बहुत बड़ा सम्मान है। इसके बाद उन्होंने टीम का ध्यान मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी चुनौती पर केंद्रित कर दिया है। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से सीख यह है कि हम स्वीकार करते हैं कि हम परास्त हुए। मैं यहां बैठकर बचाव नहीं करने जा रहा हूं। मुझे लगता है कि हम तीनों विभागों में परास्त हुए। वे अधिक पेशेवर थे और हम इसे स्वीकार करते हैं। मुझे लगता है कि हमें जो आलोचना मिल रही है, हम इसे दोनों हाथों से लेते हैं और हम आगे बढ़ते रहते हैं, हर दिन बेहतर होते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, इन तीन टेस्ट मैचों से पहले हमने कानपुर में भी एक अविश्वसनीय टेस्ट मैच खेला था। मुझे पता है कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन इससे कुछ भी नहीं बदलता है।

## एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने स्ट्रोक के प्रति जागरूकता के लिए धोनी से किया गठजोड़

**पुणे( एजेंसी )।** एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने क्रिकेट के मशहूर खिलाड़ी, एमएस धोनी के साथ मिलकर स्ट्रोक की रोकथाम पर जन जागरूकता अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत, एमक्योर और धोनी ने एक वीडियो के ज़रिये हर किसी से स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में जागरूक होने तथा स्ट्रोक की पहचान के लिए कम से कम एक व्यक्ति को शिक्षित करने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया है। भारत में किए गए महामारी विज्ञान (एपिडेमियोलॉजी) से जुड़े अध्ययनों के अनुसार, हर साल 18 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं और यह मृत्यु तथा विकलांगता का एक प्रमुख कारण बन जाता है। इसलिए एमक्योर ने ब्रेन स्ट्रोक, इसके लक्षण तथा जान बचाने और अनगिनत लोगों को बेहतर परिणाम प्रदान करने के लिए समय पर हस्तक्षेप के महत्व को समझने के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने का बीड़ा उठाया है। मैदान पर अपनी तेज तर्रार समझ के लिए जाने जाने वाले, कई विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान, एमएस धोनी अब स्ट्रोक के



महत्वपूर्ण संकेतों और इन लक्षणों के प्रकट होने पर त्वरित, निर्णायक पहल की आवश्यकता के बारे में देश को जागरूक करने में मदद करेंगे। यह अभियान बीफास्ट (1) दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जो एक सरल, याद रखने लायक संक्षिप्त नाम और स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों को रेखांकित करता है, जिससे लोगों के लिए इसे पहचानना और तुरंत पहल करना आसान हो जाता है।

## ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का भारत के खिलाफ कैसा रहा है प्रदर्शन?

टेस्ट क्रिकेट

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी ।इस सीरीज के लिए दोनों टीमों का चयन कर दिया गया है। कंगारू टीम ने तो पहले टेस्ट के लिए टीम का ऐलान भी कर दिया है ।पहला टेस्ट पर्थ में खेला जाना है, यहां तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। ऐसे में जोश हेजलवुड से भारतीय बल्लेबाजों को बचकर रहना होगा ।आइए भारत के खिलाफ उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं। भारत के खिलाफ हेजलवुड ने पहला मुकाबला साल 2014 में खेला था। अब तक इस



खिलाड़ी ने 15 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 28 पारियों में 26.94 की उम्दा औसत के साथ 51 विकेट लिए हैं ।उन्होंने भारत के खिलाफ 4 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/67 का रहा है ।इंग्लैंड क्रिकेट टीम (71) के बाद हेजलवुड ने सबसे ज्यादा विकेट भारतीय टीम के खिलाफ ही लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर हेजलवुड ने 39 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 73 पारियों में 23.05 की शानदार औसत के साथ 162 विकेट झटके हैं ।उन्होंने 7 बार अपने घरेलू सरजमीं पर 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/70 का रहा है ।ऑस्ट्रेलिया के बाद हेजलवुड ने सबसे ज्यादा 52 विकेट इंग्लैंड की सरजमीं पर लिए हैं ।ऑस्ट्रेलिया में जो आखिरी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली गई थी, उसमे हेजलवुड ने 19.35 की औसत से 17 विकेट लिए थे। हेजलवुड ने साल 2024 में 5 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 10 पारियों में 13.68 की औसत से 29 विकेट लिए हैं ।उन्होंने इस साल 2 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं।

## वाणिज्यिक बैंक और एनबीएफसी एमएसएमई सेक्टर को दें 1.54 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन : वित्त मंत्री

**बेंगलुरु( एजेंसी ) ।** भारत सरकार की ओर से सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और एनबीएफसी के लिए चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में 1.54 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त एमएसएमई लोन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंकों और एनबीएफसी को एमएसएमई के लिए कुल लोन वृद्धि का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में क्रमशः 5.75 लाख करोड़ रुपए, 6.21 लाख करोड़ रुपए और 7 लाख करोड़ रुपए रखना चाहिए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) की पार्टनरशिप में आयोजित किए गए %नेशनल एमएसएमई कल्स्टर आउटरीच% प्रोग्राम में केंद्रीय वित्त मंत्री ने देश में इनोवेशन, रोजगार पैदा करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने में एमएसएमई के महत्व पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने



उद्यमियों से भी बातचीत की और बताया कि कैसे सरकार और वित्तीय संस्थाएं उनकी आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। सीतारमण ने कहा कि बैंकों को एमएसएमई सेक्टर को लोन उपलब्ध कराने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार की पहल पर प्रकाश डाला और सभी बैंकों से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्यमों को अधिक लोन देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इवेंट में वित्त मंत्री सीतारमण ने कर्नाटक में वर्चुअल तरीके से छह नई सिडबी शाखाओं का भी उद्घाटन किया। इससे एमएसएमई तक सिडबी की पहुंच और वित्तीय सहायता का विस्तार हुआ है। इसके अलावा सीतारमण ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर और विशाखापत्तनम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की चार नारी शक्ति शाखाओं और बेंगलुरु में केनरा बैंक के लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने सिडबी के 11 एमएसएमई ग्राहकों को कुल मिलाकर 25.75 करोड़ रुपये के लोन मंजूरी पत्र दिए। इसके साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नारी शक्ति शाखा के 2 एमएसएमई ग्राहकों को कुल 11 करोड़ रुपये के मंजूरी पत्र दिए।

## इस वर्ल्ड डायबिटीज डे पर अपनी रोज़ाना की डाइट में बादाम को करें शामिल

**रायपुर।** हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। भारत, जिसे दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में जाना जाता है, एक बढ़ती चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 101 मिलियन भारतीयों को डायबिटीज है, जबकि 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं। यह खासतौर से हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन में बदलाव लाकर, डायबिटीज की असरदार प्रबंधन रणनीतियों को अपनाने के महत्व को उजागर करता है। डायबिटीज को काबू में रखने का एक तरीका यह भी है कि हमें बादाम जैसे पौष्टिक फूड को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और डाइटरी फाइबर शामिल हैं। ये पोषक तत्व ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने में मदद करते हैं। शोध से पता चला है कि बादाम खाने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। खासकर टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है। बादाम खाने से कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों के खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल तेजी से नहीं बढ़ता है। इसके अलावा, बादाम खाने से टाइप 2 डायबिटीज से पीडित लोगों के शरीर में सूजन कम करने में मदद मिलती है।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस : टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की पहल भारत के युवाओं के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देती है

**बैंगलोर :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए प्रभावशाली पहल की श्रृंखला के जरिये भारत में कौशल की कमी को पाटने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कर्नाटक और पूरे भारत में आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के सशक्तिकरण पर मजबूत फोकस के साथ, टीकेएम के शैक्षिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम रोज़गार के रास्ते बना रहे हैं जो आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत के औद्योगिक विकास में योगदान देते हैं। टीकेएम के मिशन का एक प्रमुख स्तंभ टोयोटा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (टीटीटीआई) है, जिसकी स्थापना 2007 में हुई थी। 15 वर्षों से अधिक समय से टीटीटीआई आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के युवाओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो ऑटोमोबाइल निर्माण में विशेषज्ञता रखता है। संस्थान एक कठोर तीन वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है जो न केवल तकनीकी कौशल का निर्माण करता है बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। पाठ्यक्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण, वैश्विक विनिर्माण प्रथाओं की गहरी समझ और शारीरिक व समुदाय-निर्माण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया जाता है। कुशल तकनीशियनों की बढ़ती मांग को पूरा करने और महिला सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए, टीकेएम ने हाल ही में टीटीटीआई की क्षमता को दोगुना करके 1,200 छात्रों तक कर दिया है। 'कौशल भारत' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, टीकेएम ने टोयोटा कौशल्या कार्यक्रम शुरू किया है, जो सीखें और कमाएँ मॉडल के तहत दो साल का कोर्स है। यह कार्यक्रम छात्रों को सीखने के दौरान आय अर्जित करने की अनुमति देकर टीटीटीआई की नियमित पेशकशों का पूरक है। इसमें कक्षा के ज्ञान को टोयोटा की सुविधाओं में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी यानी काम करते हुए प्रशिक्षण) के साथ जोड़ा गया है। ग्रामीण कर्नाटक के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए डिज़ाइन किया गया, कौशल्या कार्यक्रम छात्रों को आज के नौकरी बाजार में आवश्यक विशेष कौशल प्रदान करता है, उन्हें मूल्यवान उद्योग अनुभव प्रदान करता है और उनकी रोजगार क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। इसके अलावा, भविष्य के ऑटोमोटिव पेशेवरों को विकसित करने के लिए टीकेएम का समर्पण इसके टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) में स्पष्ट है।

यह भारत भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग है। टी-टीईपी के माध्यम से, टीकेएम ने 60 केंद्र स्थापित किए हैं, जिससे देश भर में 13,000 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 160833/ निविदा सूचना क्रमांक 05/वलेलि/ 2024-25, कसडोल, दिनांक 08.11.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 02.11.2024 समय 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत जमुनिया नाले पर धवई स्टापडेम का निर्माण कार्य.

अनुमानित लागत- रु. 244.21 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई- प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.11.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं.

नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई- प्रोक्योरमेंट वेबसाइट - https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है.

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, कसडोल
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242503717/4

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 13 नवम्बर 2024



## मुख्यमंत्री ने गजानन माधव मुक्ति बोध की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार श्री गजानन माधव मुक्तिबोध की 13 नवम्बर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हिन्दी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर और इस युग के महान कवि गजानन माधव मुक्तिबोध जी की कर्मभूमि छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव रही है।कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार के रूप में उन्होंने अमूल्य साहित्य की रचना की है। उन्हें आधुनिक हिंदी कविता के अग्रदूतों में से एक माना जाता है।

# विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन का रायपुर में आत्मीय स्वागत






**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, दिल्ली के सोमवार को नगर आगमन पर जैन समुदाय के समाज प्रमुखों ने विश्व परिवार निजालय शंकर नगर में उनका आत्मीय स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने श्री संजय जैन को 'सम्मेद शिखर जी बचाओ आंदोलन' का अग्रणी नेता बतलाया। दैनिक विश्व परिवार के संपादक प्रदीप जैन जी ने श्री संजय जैन जी की विवेकपूर्ण जुझारू शैली का आत्मीय अभिनंदन किया।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य अनिल जैन ने सामयिक मुद्दों के साथ-साथ अल्पसंख्यक आयोग में जैनों की संबंधता विषय पर प्रकाश डाला।

बालब्रह्मचारी सुनील भैया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां विरोध हो वहीं से उर्जा प्राप्त कर समाधान ढूंढना चाहिए।

श्री नागपुर प्रांतीय खंडेलवाल सभा के जोन संयोजक अरविंद जैन ने विश्व जैन संगठन को भारतवर्ष के संपूर्ण प्रांतों में सक्रिय करने पर जोर दिया। फिल्म निर्माता संतोष जैन पांड्या ने पूज्य संतो के दिशा निर्देशन में एक होकर पावन तीर्थो की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध होने की सलाह दी।

शंकर नगर दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष मनीष जैन ने जनगणना में धर्म के कॉलम में जैन शब्द लिखाने का सुझाव दिया ताकि हम जैनों की सही जनसंख्या की पूरी जानकारी सबके सामने आ सके। युवा सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश चंद्रकांत जैन ने जैन हित के राष्ट्रीय मुद्दों में युवाओं की प्रमुख एवं अग्रणी भूमिका पर जोर दिया।

समस्त उपस्थित जनों की शंकाओं एवं प्रश्नों का उत्तर देने के साथ-साथ श्री संजय जैन जी ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा पावन तीर्थो की सुरक्षा एवं समाज हित के मुद्दों पर समाज के प्रत्येक घटक को एक होकर प्राणपण से संघर्ष करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष नरेश जैन, मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरुकृपा, अमलतास दि. जैन मंदिर के अध्यक्ष अजीत जैन, भारतीय जैन संगठना के अध्यक्ष मनोज लुंकड़ एवं भावी अध्यक्ष विजय गंगवाल, इं. एस.के. जैन, डा. अमित जैन, राजेंद्र उमाठे, महेंद्र बांझल एवं प्रियेश प्रसंग जैन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

## प्रदीप टंडन PHDCCI की राज्य परिषद के चेयरमैन नियुक्त हुए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पिछले 119 वर्षों से भारतीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार मुख्य स्त्रोत के रूप में काम कर रहा है। चैम्बर दूरदर्शी, सक्रिय, गतिशील एवं अखिल भारतीय शीर्ष संगठन है, जो उद्योग की प्रगति के लिए सरकार के साथ भागीदार के रूप मे कार्य करता है। PHDCCI भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, सदभाव और एकीकृत विकास को बढ़ावा देने के लिए मजबूत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के साथ जमीनी स्तर पर काम करता हैं, ये संगठन भारतीय अर्थव्यवस्था को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई क्षेत्रों में 1,50,000 से अधिक छोटे बड़े एवं मध्यम उद्योगों से जुड़ा हुआ है।

PHDCCI भारत और विदेशों में दूतावास और हाय कमीशन के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और व्यावसायिक अवसरों को लाने के लिए भी काम कर रहा हैं।

PHDCCI का अंतरराष्ट्रीय कार्यालय बहरीन में 6 जीसीसी देशों के लिए स्थापित है। PHDCCI ने पार्टियों के बीच हस्ताक्षरित 100 से अधिक समझौता ज्ञापनों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उद्योग संघों और संगठनों को सहयोजित किया हैं। देश में क्षमता निर्माण की दिशा में अपने प्रयास में पीएचडी चैंबर जर्मनी के कोनराड एडेनायर फाउंडेशन के सहयोग से केंद्रित उद्यमशीलता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित भी करता हैं। चैंबर का मुख्यालय दिल्ली में हैं और उसके क्षेत्रीय कार्यालय तमिलनाडु, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों में स्थापित है।

## मुख्यमंत्री 14 नवम्बर को छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का करेंगे विमोचन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी कमल वर्मा ने कराया निष्पक्ष चुनाव, टारजन गुप्ता बने प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 10 नवम्बर को रायपुर राजधानी के इंटरनेशनल माल मैगनेटो माल के संतोष हाल मे प्रस्तावित था, जिसमे चुनाव प्रक्रिय जोरदार माहौल मे हुआ, लोग उत्साहित थे, पूरे जोश मे दिखाई दे रहे थे, मजा तो तब आया जब प्रमुख निर्वाचन अधिकारी आदरणीय कमल वर्मा जी ने सूझबूझ के साथ, सफलता पूर्वक चुनाव करवाए आप सभी जानते है।

लोकतंत्र में चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रकिया होती है और निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है लेकिन चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जब एक निष्ठापूर्वक अधिकारी के कंधे में होती है तो प्रत्याशी भी चुनाव के लिए निश्चित होते है मौका था स्वास्थ्य विभाग के सबसे बड़े संगठन के चुनाव का जिसमे मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहे 115 संगठन के प्रतिनिधित्व कर्ता (छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक) आदरणीय कमल वर्मा जी, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय जी आर चंद्रा जी, एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी रहे छ्ग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री श्री उमेश मुदलियार जी ने निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कराकर स्वास्थ्य विभाग के सबसे बड़े संगठन स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को उनका नया प्रदेश अध्यक्ष दिया है, इस चुनाव में 4 प्रत्याशियों ने चुनावी रण में ताल ठोकी थी जिसमे टार्जन गुप्ता जी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से 94% मतों के विशाल जनादेश प्राप्त किया। ज्ञात हो कि नये प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता जी को 94%मत प्राप्त हुआ इस निष्पक्ष चुनाव की प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों में चर्चा है और इस निष्पक्ष चुनाव की भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे है। उपरोक्त जानकारी आई टी सेल प्रभारी संतलाल साहू जी ने दी है।

## छत्तीसगढ़ का पहला डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कमल विहार रायपुर में







### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज करेंगे शुभारंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर कमलो से बुधवार को कमल विहार रायपुर में होने जा रहा है। यह हॉस्पिटल 20 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल है यहाँ पेन, पाइल्स, पंचकर्म, पीडिया, गायनी व स्किन संबंधी समस्त रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी, फिजियोथेरेपी की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अभिमन्यु साहू ने बताया कि हमारा डॉ अभिमन्यु पेन रिलीफ सेंटर पिछले 5 वर्षो से रायपुर के समता कॉलोनी में संचालित है जहां पिछले 5 वर्षो में जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के दर्द के लगभग 12500 मरीजों का सफलतापूर्वक ईलाज किया जा चुका है जिसकी सबसे बड़ी खासियत है, यह ईलाज पूर्णत: आयुर्वेदिक है जिसके कोई साईड इफेक्ट नहीं है तथा लागत भी कम आती है। डॉ. अभिमन्यु साहू ने बताया हमारे यहां ना सिर्फ छ.ग. बल्कि भारत के विभिन्न हिस्सो जैसे उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात से मरीज आते है कुछ मरीज विदेशो से भी सलाह लेते है उनकी तकलीफ दूर करने के लिए हमने 2 वर्षे पहले अष्ठवेदा टेलीमेडीसीन सुविधा की शुरूवात की, इस सुविधा का सैकडो मरीज लाभ उठा रहे है। हम हमारी बहुत सी दवाईयां पिछले 4 वर्षो से खुद ही निर्मित कर रहे है ताकि मरीज़ों को सर्वोत्तम दवा व उपचार मिल सके, यह दवाईयां बाजार में आयुर्जीनोमिक्स बोटेनिकल के नाम से उपलब्ध है। डॉ. अभिमन्यु ने आगे बताया कि मैं बहुत समय से छत्तीसगढ़ में एक आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की कमी महसूस कर रहा था क्योंकि बहुत से रोगों का इलाज करने मरीज़ को भर्ती करने की आवश्यकता पड़ती है, और छत्तीसगढ़ की लोगों को इसके लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ता था पर अब यह कमी दूर हो गई है प्रदेशवासियों को बाहर नहीं भटकना पड़ेगा।

हमारा यह हॉस्पिटल सर्वसुविधायुक्त है हमारे यहां प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियां जैसे पंचकर्म, शिरोधारा, क्षारसूत्र, लेज़र आदि की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। हमारे हॉस्पिटल में डीलक्स रूम, प्राइवेट रूम, सेमी प्राइवेट रूम, पैथ लैब, माइनर ओ.टी., मेडिकल आदि की सुविधाएँ उपलब्ध रहेगी, हमारा हॉस्पिटल मरीज़ों की सेवा में 24×7 तत्पर रहेगा।

हॉस्पिटल के उद्घाटन के शुभ अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में, माननीय अरुण साव जी कार्यरक्म की अध्यक्षता करेंगे। तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्री राजेश मूनत (विधायक), श्री मोतीलाल साहू (विधायक), श्री संदीप साहू (विधायक), श्री भूलन सिंह मरावी (विधायक), श्री इंद्र कुमार साहू (विधायक), श्री टहल सिंग साहू (प्रदेश अध्यक्ष- साहू समाज) आदि उपस्थित रहेंगे।

## एनएमडीसी के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर दीर्घ सेवा पुरस्कार वितरण






**बचेली (विश्व परिवार)।** देश की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएमडीसी बचेली में मंगलवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर निगम में दीर्घ काल सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कार्मिकों को दीर्घ सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। एनएमडीसी बचेली परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में एनएमडीसी बचेली (वर्क्स) परियोजना प्रमुख श्री रवीन्द्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना के विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में परियोजना स्थित विभिन्न विद्यालयों यथा शिखर बाल विद्या मंदिर, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एवं प्रकाश विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

एनएमडीसी की सेवा में 20 वर्ष, 25 वर्ष, 30 वर्ष तथा 35 वर्ष की दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों को मुख्य अतिथि श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक महोदय के करकमलों द्वारा दीर्घ सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने संबोधन में सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति एनएमडीसी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए निगम की सेवा में दीर्घ अवधि पूर्ण करने वाले सभी कार्मिकों के योगदान को रेखांकित किया एवं दीर्घ सेवा पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में श्री सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य उपस्थितियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वेल बिगन हाफ डन... : अच्छी शुरूआत आधी जीत पक्की कर देती है

### जेसीआई सुपर चैप्टर के 13 अध्याय के सभी पदाधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रेनिंग का आयोजन वृन्दावन हॉल किया गया






**रायपुर (विश्व परिवार)।** जेसीआई सुपर चैप्टर के 13 अध्याय के सभी पदाधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रेनिंग का आयोजन वृन्दावन हॉल, सिविल लाइन में किया गया, अच्छी शुरूआत आधी जीत पक्की कर देती है ऐसे ही टॉपिक को लेकर सुपर चैप्टर के सभी अध्यायों के लिए कल एक शानदार प्रशिक्षण रखा गया, इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 के पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देना था।

ट्रेनिंग की शुरूआत सुपर चैप्टर कोऑर्डिनेटर JCI Sen. लीना वाढेर डायरेक्टर JCI Sen. चित्रांक चोपड़ा द्वारा जेसीस के सवाल जवाब के साथ हुआ जिसमें जेसीस से जुड़ी ब जानकारियां दी गई।

सुपर चैप्टर कोच JFR JCI Sen. अमिताभ दुबे ने अपने ट्रेनिंग में लीडर को मोटीवेट करते हुए 5F पर फोकस करने को कहा। Frienship (अपने नए मेंबर्स के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते हुए उन्हे अपना बनाना)। Fund/ Finance (पैसों के लेनदेन में एकदम क्लीयर होना चाहिए फिर, चाहे वो फीस देने की बात हो, कभी भी किसी भी हिसाब में देरी ना करना ही आपकी छवि को साफ़ सुथरी बनाती है)। Felicitation (अपने सीनियर जूनियर सभी को मान सम्मान देना क्योंकि संस्था में कोई हुकूमत नहीं करता ब्लकि आपसी सामंजस्य बनाते हुए करना पडता है)। Fundamental (हर संस्था के कुछ नियम कायदे होते है उस सिस्टम पर चलकर ही आप सफल बनते है)। Futuristic प्लान (कोई भी कार्य करने से पहले उसी अच्छे से अगर प्लानिंग कर जाए तो भविष्य में असफल होने के चांस कम हो जाते है)।

आखिर में सुपर चैप्टर मेंटर, चेयरमैन PPP JFS राजेश अग्रवाल सर ने सभी 2025 लीडर को एक विजन को लेकर आगे बढ़ने को कहा जिसमें अनुशासन, प्रोटोकोल, सिस्टम सभी बातों को शामिल करते हुए अगर लीडर अपनी टीम को साथ लेकर चलता है तो उसको शुरू मे ही सफलता मिल जाती है इसलिए कहा भी जाता है की अच्छी शुरूआत आधी सफलता तय करती है एक हाथ मिलाने (हैंडशक) वाले एक्टिविटी के माध्यम से उन्होंने बताया कि छोटी सी छोटी बातों में पहल.अपने तरफ से करने से ही सामने वाला भी आपको रिपोन्स देगा।

इस ट्रेनिंग मे वर्ष 2025 के सभी अध्यक्ष, सचिव, प्रभारी और कोर्डिनेटर सहित 55 सदस्य उपस्थित रहे।


राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिर्टन | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354